टाइटल कोड: RAJHIN27921


2

# मरूधर विशेष


2

वर्षः 01 अंकः 09 हिन्दी प्रातः कालीन जयपुर, गुरूवार, 11 अगस्त, 2022 हिंदी दैनिक पृष्ठ:4 मूल्यः 2 रुपए

## एक्सप्रेस न्यूज

### जर्मनी में सामने आया मंकीपॉक्स का पहला केस

**बर्लिन, (एजेंसी)।** जर्मनी में बच्चे में मंकीपॉक्स का पहला मामला सामने आया है।संक्रामक रोगों के लिए रॉबर्ट कोच इंस्टीट्यूट (आरकेआई) ने बताया कि चार साल की एक बच्ची इस वायरस से संक्रमित दो वयस्कों के साथ एक घर में रहती है। पिछले सप्ताह यहां 15 और 17 वर्ष की आयु के किशोरों में मंकीपॉक्स की पुष्टि हुई थी। उल्लेखनीय है कि मंकीपॉक्स इस साल मई में विशेष रूप से यूरोप में अपना पैर पसारना शुरू किया था। जर्मनी में इस संक्रमण के पहले मरीज के पाए जाने के बाद से अब तक इसके 2,982 मामले दर्ज किए जा चुके हैं। आरकेआई ने कहा, 'वर्तमान साक्ष्य बताते हैं कि मंकीपॉक्स मुख्य रूप से यौन गतिविधि के कारण फैलता है।

### जम्मू में जवान ने खुद को गोली मारकर की खुदकुशी

**जम्मू,(एजेंसी)।** जम्मू शहर के बाहरी इलाके मीरान साहेब में बुधवार सुबह सेना के एक जवान ने अपने सर्विस राइफल से खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने कहा कि जेएकेआरआईएफ के जवान योगेश कुमार ने अपने सर्विस राइफल से खुद को गोली मार ली जब वह क्वार्टर गार्ड ड्यूटी पर था। उसे तुरंत सेना अस्पताल में भर्ती किया गया जहां उसकी मौत हो गई। वह हिमाचल प्रदेश का रहने वाला था।

### सत्येंद्र जैन की सदस्यता समाप्त करने याचिका

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन की याददाश्त को मुद्दा बनाकर उनकी विधानसभा सदस्यता समाप्त करने के लिए दिल्ली उच्च न्यायालय में एक जनहित याचिका दायर की गयी है। याचिकाकर्ता आशीष श्रीवास्तव की ओर से दायर याचिका में कहा गया है कि शकूरबस्ती विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व कर रहे विधायक श्री जैन ने धन शोधन मामलों की जांच करने वाली एजेंसी प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समक्ष कथित रूप से स्वयं बयान दिया है कि वह अपनी याददाश्त खो चुके हैं। याचिकाकर्ता के अनुसार अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एस वी राजू ने सुनवाई के दौरान राउज एवेन्यू अदालत में श्री जैन के इस बयान की जानकारी दी थी।

### भाजपा नेता किरीट सोमैया को दी अग्रिम जमानत

**मुंबई, (एजेंसी)।** बॉम्बे उच्च न्यायालय ने बुधवार को किरिट सोमैया और उसके बेटे नील को भारतीय नौसेना के पहले विमानवाहक पोत, आईएनएस विक्रांत को संरक्षित रखने से संबंधित धन का गबन करने संबंधित मामले में अग्रिम जमानत दी। हालांकि अग्रिम जमानत देते हुए न्यायालय ने शहर के पुलिस से कहा कि अगर ने उन्हें गिरफ्तार करना चाहें तो 72 घंटे पहले नोटिस दें। जब मुंबई पुलिस के वकील शिरीष गुप्ते मे न्यायालय को बताया कि उन दोनों के खिलाफ 57 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी के कोई सबूत नहीं है तब न्यायाधीश भारती डांगरे ने उन्हें जमानत दे दी। इससे पहले मुंबई के ट्रांबे पुलिस स्टेशन ने सेवानिवृत सैन्य अधिकारी बबन भीमराव भोसले की शिकायत पर आईपीसी की धारा 406, 420 ओर 34 के अंतर्गत मामला दर्ज किया था।

### आज महिलाएं कर सकेंगीं सिटी बसों में निशुल्क यात्रा

**जयपुर,(एजेंसी)।** राजस्थान की राजधानी जयपुर में रक्षाबन्धन के पर्व पर महिलाएं जयपुर सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विसेज लिमिटेड (जेसीटीएसएल) द्वारा संचालित सभी बसों में नि:शुल्क यात्रा कर सकेंगी। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के इस निर्णय से बालिकाओं एवं महिलाओं को रक्षाबन्धन गुरुवार को जेसीटीएसएल की समस्त श्रेणी की बसों (एसी, नॉन-एसी) में जयपुर शहर की सीमा में नि:शुल्क यात्रा सुविधा मिलेगी। इससे पहले मुख्यमंत्री ने राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम की साधारण एवं एक्सप्रेस बसों में भी रक्षाबन्धन के अवसर पर महिलाओं एवं बालिकाओं के लिए नि:शुल्क यात्रा के आदेश दिए हैं और इन बसों में भी महिलाएं राखी पर्व पर नि:शुल्क यात्रा कर सकेंगी।

### आज का इतिहास

- **1347:** अलाउद्दीन हसन गंगू ने राजसी सत्ता हासिल की और बहमनी वंश की स्थापना की।
- **1778:** जिमनास्टिक्स की नींव रखने वाले जर्मन शिक्षक फ्रेडरिक का जन्म।
- **1863:** कंबोडिया फ्रांस का संरक्षित क्षेत्र बना।
- **1908:** क्रांतिकारी खुदीराम बोस को फांसी दी गई।
- **1914:** फ्रांस ने ऑस्ट्रिया और हंगरी पर आक्रमण की घोषणा की।
- **1948:** लंदन में समर ओलंपिक की शुरुआत।
- **1961:** दादर नगर हवेली का भारत में विलय हुआ और इसे केंद्रशासित प्रदेश बनाया। गोवा की तरह यह इलाका भी कई साल पुर्तगाली उपनिवेश में था।
- **1974:** पूर्व भारतीय महिला क्रिकेटर अंजू जैन का जन्म।
- **2016:** पाक हॉकी खिलाड़ी हनीफ मुहम्मद का निधन।

# ताइवान में सेना न भेजने के वादे से पीछे हटा चीन

**बीजिंग, (एजेंसी)।** चीन ने ताइवान को वापस लेने के बाद सैनिकों या प्रशासकों को वहां नहीं भेजने का अपना वादा वापस ले लिया है। बुधवार को एक आधिकारिक दस्तावेज दिखाया गया है, जो राष्ट्रपति शी जिनपिंग द्वारा पहले से कम स्वायत्तता देने के फैसले का संकेत देता है।

स्व-शासित ताइवान पर अपनी स्थिति पर चीन का श्वेत पत्र द्वीप के पास अभूतपूर्व चीनी सैन्य अभ्यास के दिनों का अनुसरण करता है, जिसे बीजिंग पिछले सप्ताह अमेरिकी हाउस स्पीकर नैन्सी पेलोसी की यात्रा के विरोध में अपने क्षेत्र के रूप में दावा करता है।

ताइवान ने चीन के संप्रभुता के दावों को खारिज किया, कहा कि द्वीप के लोगों को अपना भविष्य तय करना चाहिए और अपने लोकतंत्र की रक्षा करने का संकल्प लेना चाहिए। चीन ने



1993 और 2000 में ताइवान पर पिछले दो श्वेत पत्रों में कहा था कि वह एकीकरण प्राप्त करने के बाद ताइवान में रहने के लिए सैनिक या प्रशासनिक कर्मियों को नहीं भेजेगा। ताइवान को यह आश्वस्त करने के लिए कि वह चीन का एक विशेष प्रशासनिक क्षेत्र बनने के बाद स्वायत्तता का आनंद लेगा, वह नवीनतम श्वेत पत्र में प्रकट नहीं हुआ। चीन की सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी ने प्रस्तावित किया था कि ताइवान 'एक देश, दो प्रणाली' मॉडल के तहत अपने शासन में वापस आ सकता है, जिस फॉर्मूले के तहत हांगकांग की पूर्व ब्रिटिश उपनिवेश 1997 में चीनी शासन में लौट आया था। यह लोकतांत्रिक रूप से शासित ताइवान को अपनी सामाजिक और राजनीतिक प्रणालियों को आंशिक रूप से संरक्षित करने के लिए कुछ स्वायत्तता प्रदान करेगा।

2000 के श्वेत पत्र में एक पंक्ति है जिसमें कहा गया था कि कुछ भी वार्ता की जा सकती है, जब तक ताइवान यह स्वीकार करता है कि केवल 'वन चीन' है और स्वतंत्रता की मांग नहीं करता है, वह भी नवीनतम श्वेत पत्र से गायब है। अद्यतन किए गए श्वेत पत्र को 'ताइवान प्रश्न और नए युग में चीन का पुनर्मिलन' कहा जाता है। 'नया युग' आमतौर पर शी के शासन से जुड़ा एक शब्द है। ताइवान 1949 से चीनी आक्रमण के खतरे में रहता है, जब माओत्से तुंग की कम्युनिस्ट पार्टी के गृहयुद्ध जीतने के बाद पराजित रिपब्लिक ऑफ चाइना सरकार द्वीप पर भाग गई थी।

### ताइवान को तय करना है कि उसे जाना कहां है

**बीजिंग (एजेंसी)।** चीन के रक्षा मंत्रालय ने बुधवार को कहा कि ताइवान प्रशासन को तय करना है कि क्या सही है और उसे जाना कहां है। चीन के रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता टैन केफेई बुधवार को जारी एक बयान में कहा कि इस समय क्रॉस-स्ट्रेट संबंधों को लेकर एक बार फिर भविष्य के लिए दो विकल्पों का सामना करना पड़ रहा है तथा ताइवान के अधिकारियों को सही चुनाव करना चाहिए और उसे जाना कहां है। चीनी सेना की ईस्टर्न थिएटर कमांड ने बुधवार को कहा कि उसने ताइवान के पास सैन्य अभ्यास के तहत निर्धारित कार्यों को सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है।

# न्यूयॉर्क के अटॉर्नी जनरल कार्यालय पहुंचे ट्रंप

**वाशिंगटन, (एजेंसी)।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप परिवारिक व्यवसाय से संबंधित मामले में जांच के तहत पूछताछ के लिए बुधवार को न्यूयॉर्क प्रांत के मैनहट्टन में अटॉर्नी जनरल के कार्यालय पहुंचे।

सीएनएन द्वारा प्रसारित टीवी फुटेज में पूर्व राष्ट्रपति को स्थानीय समयानुसार सुबह नौ बजे से कुछ समय पहले अटॉर्नी जनरल लेटिटिया जेम्स के कार्यालय जाने से पहले अपने न्यूयॉर्क निवास से निकलते हुए दिखा गया।

**पूछताछ**

न्यूयॉर्कअटॉर्नी जनरल का कार्यालय ट्रम्प परिवार और उनके संगठन से संबंधित मामले जांच कर रहा है। उन पर अपनी संपत्तियों का गलत मूल्यांकन तथा उधारदाताओं एवं कर अधिकारियों को गुमराह करने का आरोप है। श्री ट्रम्प और उनकी कंपनी का कहना है कि उन्होंने कोई भी गलत काम से इनकार किया है और यह जांच राजनीति से प्रेरित है। सोशल मीडिया पर जारी एक बयान में श्री ट्रम्प ने कहा कि मेरी महान कंपनी, और मुझ पर हर ओर से हमला किया जा रहा है। इस सप्ताह कानूनी कार्रवाई के बीच श्री ट्रंप का यह बयान आया है।

## तिरंगा यात्रा



भारतीय सेना के जवानों ने स्थानीय लोगों के साथ बुधवार को पुंछ के मेंढर सेक्टर में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास 75वें स्वतंत्रता दिवस से पूर्व तिरंगा यात्रा निकाली।

राज्यसभा सांसद सुशील मोदी ने नीतीश पर मढ़ा आरोप

# उपराष्ट्रपति पद का प्रत्याशी न बनाने पर भाजपा से नाता तोड़ा

**पटना ■ एजेंसी**





बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं भाजपा के राज्यसभा सांसद सुशील कुमार मोदी ने बुधवार को कहा कि श्री नीतीश कुमार के राजग से नाता तोड़ने का मूल कारण उन्हें (श्री कुमार) उप राष्ट्रपति पद का उम्मीदवार नहीं बनाया जाना है।

श्री मोदी ने बुधवार को यहां पार्टी के प्रदेश कार्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में खुलासा किया कि श्री कुमार ने बिहार राजग से नाता तोड़ने का जो निर्णय लिया है उसके पीछे मूल कारण था कि वह खुद को देश का उप राष्ट्रपति बनाना चाहते थे लेकिन भाजपा इसके लिए तैयार नहीं थी। श्री कुमार के निकटस्थ जनता दल यूनाइटेड (जदयू) नेताओं ने हाल ही भाजपा के शीर्ष नेतृत्व से श्री कुमार को उप राष्ट्रपति बनाने की बात कही थी। हालांकि भाजपा ने इस पर विचार नहीं किया।

भाजपा सांसद ने कहा कि श्री कुमार के राजग से नाता तोड़कर राजद)के साथ जाने का यह एक प्रमुख कारण रहा। श्री कुमार ने राजग से नाता तोड़ने के दौरान कई सफेद झूठ बोले हैं। उन्होंने कहा कि श्री कुमार का कहना है कि बिना उनकी सहमति के श्री आरसीपी सिंह को नरेंद्र मोदी मंत्रिमंडल में मंत्री बनाया गया, जो सरासर झूठ है।

उन्होंने दावा किया कि नवंबर 2005 में जब राजग को बहुमत मिला तब तत्कालीन समता पार्टी के प्रमुख नेताओं जॉर्ज फर्नांडिस और प्रभुनाथ सिंह ने श्री कुमार के मुख्यमंत्री बनने का विरोध किया था। समता पार्टी के नेताओं के विरोध के बाद भी उन्होंने भाजपा आलाकमान को उनके नाम पर राजी किया। बावजूद इसके श्री कुमार ने भाजपा को धोखा दिया। श्री नरेंद्र मोदी भी अति पिछड़ा समाज से आते हैं इसलिए बिहार का अति पिछड़ा समाज राजग के साथ आया।

### कोई गलतफहमी न रहे, पिछले चुनाव में जनादेश मोदी का था

भाजपा के वरिष्ठ नेता व राज्यसभा सांसद सुशील कुमार मोदी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस करके नीतीश कुमार पर झूठ बोलने का आरोप लगाया है। सुशील मोदी ने कहा कि केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने खुद फोन करके नीतीश से पूछा था कि किसको केंद्रीय मंत्री बनाना है। तब उन्होंने आरसीपी सिंह का नाम लिया था, लेकिन अब वह झूठ बोल रहे हैं। बीजेपी ने अपनी किसी सहयोगी पार्टी को नहीं तोड़ा। नीतीश गलतफहमी में न रहें। 2020 का जनादेश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का है।

### राजद पर कब्जा करना चाहता है जदयू : जायसवाल

बिहार भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने आज खुलासा किया कि जनता दल यूनाइटेड (जदयू) एक सोची-समझी रणनीति के तहत पार्टी में राष्ट्रीय जनता दल (राजद) का विलय करने के लिए के साथ मिलकर सरकार बना रही है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद संजय जयसवाल ने बुधवार को यहां कहा कि जदयू के वरिष्ठ नेता नीतीश कुमार ने अचानक से अपने धुर विरोधी राजद के साथ जाने का निर्णय क्यों किया। यह एक बड़ा सवाल है जिसका जवाब हर कोई जानना और समझना चाहता है। उन्होंने दावा किया कि श्री कुमार एक सोची समझी चाल के तहत राजद के साथ सरकार बनाने को राजी हुए हैं क्योंकि श्री कुमार चाहते हैं कि वह राजद को निगल जाएं यानी राजद का विलय जदयू में कर लें या राजद पर कब्जा कर लें।

# सुरक्षा बलों ने पुलवामा में 30 किलो आईईडी किया बरामद

### बड़ी त्रासदी टली, विस्फोट से आईईडी को किया गया नष्ट

**श्रीनगर ■ एजेंसी**



जम्मू-कश्मीर के पुलवामा जिला में सुरक्षा बलों की सतर्कता की वजह से एक बड़ा हादसा होने से टल गया। सुरक्षा ने बुधवार सुबह करीब 25-30 किलो वजना का एक अत्याधुनिक शक्तिशाली उपकरण (आईईडी) बरामद किया।

प्राप्त रिपोर्ट के मुताबिक पुलिस और सुरक्षा बलों ने पुलवामा में सर्कुलर रोड पर तहब क्रॉसिंग के पास यह आईईडी बरामद किया। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक विजय कुमार ने बताया कि पुलवामा पुलिस द्वारा दी गयी विशिष्ट सूचना से एक बड़ी त्रासदी टल गई है। कश्मीर क्षेत्र के एडीजीपी कुमार ने ट्वीट कर कहा, 'पुलवामा में सर्कुलर रोड पर तहब क्रॉसिंग के पास पुलिस और सुरक्षा बलों द्वारा लगभग 25 से 30 किलोग्राम वजन का एक आईईडी बरामद किया गया है। पुलवामा पुलिस द्वारा दी गई विशिष्ट सूचना से एक बड़ी त्रासदी टल गई है।' वहीं, पुलिस विभाग से जुड़े सूत्रों ने बताया कि सुरक्षा बलों को सड़क खोलने के अभ्यास के दौरान आईईडी मिला। आधिकारिक सूत्रों ने कहा, 'आईईडी को विस्फोट कर दिया गया है।'

### मजीठिया को मिली जमानत

**चंडीगढ़ (एजेंसी)।** शिरोमणि अकाली दल के नेता एवं पूर्व मंत्री बिक्रम मजीठिया को पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट से करीब साढ़े पांच माह बाद बुधवार को जमानत मिली। हाईकोर्ट ने पिछले कुछ दिन पहले इस मामले में फैसला सुरक्षित रखा था। पटियाला जेल में बंद मजीठिया को बुधवार को नियमित जमानत दे दी गई। उनके खिलाफ गत 20 दिसंबर को नारकोटिक्स ड्रग्स साइकोट्रोपिक सब्सटेंस एक्ट 1985 के तहत मामला दर्ज किया गया था।

# पूर्व मंत्री सिद्धार्थनाथ के नेतृत्व में निकली तिरंगा यात्रा



**प्रयागराज, (ब्यूरो)।** आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में प्रधानमंत्री के आह्वान पर देश भर में चलाए जा रहे हर घर तिरंगा अभियान के तहत आज उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व कैबिनेट मंत्री व शहर पश्चिमी विधायक सिद्धार्थनाथ सिंह की अगुवाई में प्रयागराज की महापौर अभिलाषा गुप्ता, प्रयागराज की सुप्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. कीर्तिका अग्रवाल एवं स्थानीय कार्यकर्ताओं और प्रबुद्धजनों के साथ पीपलगांव से झलवा और खुल्दाबाद क्षेत्र में भव्य तिरंगा यात्रा निकली। आम लोगों ने बढ़-चढ़कर तिरंगा यात्रा में हिस्सा लिया। जगह-जगह स्वागत व फूलों की वर्षा हुई।

इस मौके पर उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते पूर्व कैबिनेट मंत्री सिद्धार्थनाथ सिंह ने कहा भारत के प्रधानमंत्री मोदी ने देश की जनता से अपील किया और मैं प्रयागराज वासियों से अनुरोध कर रहा हूँ कि देश की आजादी के 75 वर्ष पर अमृत महोत्सव में 13 अगस्त से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा लहरायें, जनजागरण हो। प्रयागराज में हर्षोल्लास से सब जगह तिरंगा लहरा रहा है। मोदी जी की अपील को जनता स्वीकार कर रही है। तिरंगा का सम्मान हो रहा है। तिरंगा अभियान ने भारत को एक बंधन के सूत्र में बांध दिया है जहाँ न जाति है, न धर्म है केवल भारतवासी है। सब मिलकर सहभागिता दे रहे है। उन्होंने मीडिया से सवाल जवाब में कहा महागठबंधन शब्द बहुत बार हम लोगों ने सुना है और उसको विफल होते देखा है उत्तर प्रदेश बहुत बड़ा उदाहरण है, बिहार भी है,अन्य प्रान्त में भी है।जनता उसको देख रही है। जनता लोकतंत्र में सबसे ऊपर होती है, समझदार होती है। मेरा मानना है कि बिहार की जनता ने लालू यादव के भ्रष्टाचार, माफियाराज, गुंडाराज समाप्त करने के उद्देश्य से भाजपा और जेडीयू को वोट दिया था। वह पांच साल पूरे नहीं हुए,नीतीश कुमार एवं जेडीयू ने सही चलती नाव को छोड़ा है। उसका सबक जनता जरूर सिखाएगी। जेडीयू को आने वाले चुनाव चाहे 2024 हो, चाहे विधानसभा चुनाव हो। बिहार प्रकरण पर बसपा, कांग्रेस और सपा मुखिया अखिलेश यादव की टिप्पणी पर सवाल का तंज कसते हुए पूर्व कैबिनेट मंत्री सिद्धार्थ नाथ सिंह ने कहा मुझे समझ नहीं आ रहा है जो बिहार की राजनीतिक घटनाक्रम है उसमें विपक्ष इतना क्यों उछल रहा है।

# सीबीआई ने किया एसएससी के दो पूर्व अफसरों को गिरफ्तार

**कोलकाता, (एजेंसी)।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने बुधवार को पश्चिम बंगाल स्कूल सेवा आयोग (एसएससी) के पूर्व सलाहकार शांति प्रसाद सिन्हा और एसएससी के पूर्व सचिव अशोक साहा को एसएससी स्टाफ भर्ती घोटाला मामले में गिरफ्तार किया।

**सात घंटे की लंबी पूछताछ के बाद कार्रवाई**

सीबीआई ने दोनों को सात घंटे की लंबी पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया। कलकता उच्च न्यायालय द्वारा इस मामले में सीबीआई जांच का आदेश देने के बाद दोनों से कई बार पूछताछ की गई। उल्लेखनीय है कि पूर्व मंत्री पार्थ चटर्जी और उनकी सहयोगी अर्पिता मुखर्जी को भी प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा पश्चिम बंगाल सरकार के प्रायोजित और सहायता प्राप्त स्कूलों में एसएससी द्वारा कथित रूप से अवैध भर्तियों में पैसे की लेन-देन के मामले में 23 जुलाई को गिरफ्तार किया गया।

# केशव प्रसाद मौर्य विधान परिषद में नेता सदन बने

**लखनऊ, (एजेंसी)।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य को विधान परिषद में नेता सदन नियुक्त किया गया है। विधान परिषद के प्रमुख सचिव राजेश कुमार सिंह ने बुधवार को केशव प्रसाद मौर्य को नेता सदन नियुक्त करने की अधिसूचना जारी की। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के दखल के बाद जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने नेता सदन पद से इस्तीफा दिया, उसके बाद बुधवार को स्वतंत्र की जगह केशव की ताजपोश की गई।

योगी आदित्यनाथ सरकार 2.0 में केशव प्रसाद मौर्य को दोबारा उप मुख्यमंत्री बनाया गया था। उप मुख्यमंत्री की दौड़ में रहे भाजपा प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह को जलशक्ति मंत्री बनाने के साथ विधान परिषद में नेता सदन बनाया गया। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य भी उच्च सदन के सदस्य है, ऐसे में उप मुख्यमंत्री के रहते हुए कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव को नेता सदन बनाना सामान्य शिष्टाचार के खिलाफ माना जा रहा था। योगी सरकार 1.0 में उप मुख्यमंत्री डॉ. दिनेश शर्मा को परिषद में नेता सदन बनाया था।

**संबोधन** भारत की राजदूत रुचिरा कंबोज ने संयुक्त राष्ट्र के विशेष सत्र में कहा

# आतंकवाद दुनिया की शांति व सुरक्षा के लिए खतरा

**न्यूयार्क ■ एजेंसी**

भारत ने आतंकवाद पर विश्व समुदाय को आगाह किया है। संयुक्त राष्ट्र में भारत की राजदूत रुचिरा कंबोज ने सुरक्षा परिषद के विशेष सत्र के संबोधन में कहा कि आतंकवाद से पूरी दुनिया को खतरा है।

दुनिया आतंकवाद और आतंकवादियों को लेकर दोहरे मानदंड न अपनाए। अफ्रीका समेत विश्व के कई देशों में आतंकवाद फैल रहा है। आतंकी कृत्यों से अंतरराष्ट्रीय शांति व सुरक्षा को खतरा' विषय पर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की ब्रीफिंग में भी रुचिरा कंबोज



ने भारत का रुख साफ किया। उन्होंने कहा कि हमें आतंकवाद को किसी प्रेरणा पर आधारित बताने से बचना चाहिए। इससे अवसरवादी लोगों को कुछ आतंकी गतिविधियों को जायज ठहराने का मौका मिलेगा।

उन्होंने कहा कि आईएसआईएस अब अफ्रीका में पैर फैला रहा है। विश्व समुदाय को आतंकी खतरे को अलग-अलग नजरिये से देखना बंद कर इस पर पूरा ध्यान केंद्रित करना चाहिए। इसके दुनिया के अन्य हिस्सों में भी फैलने का उतना ही खतरा है। यह हमारा सुविचारित मत है कि दुनिया के किसी भी हिस्से में यदि आतंकवाद है तो वह समूची दुनिया की शांति व सुरक्षा के लिए खतरा है। इसलिए इस चुनौती को हमारा जवाब एकीकृत, समन्वित और सबसे जरूरी है कि यह प्रभावी होना चाहिए। 9/11 के कायरतापूर्ण हमले की 20वीं बरसी पर भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने आतंकवाद से साझा ढंग से मुकाबले के लिए कई सुझाव दिए थे।

### आतंक विरोधी विशेष बैठक 28-30 अक्टूबर को भारत में होगी

इससे पूर्व आतंकवाद निरोधी समिति के कार्यवाहक कार्यकारी निदेशक वेक्सिओंग चेन ने आशा जताई कि अक्टूबर में भारत में होने वाली आतंकवाद विरोधी विशेष बैठक बहुपक्षीय प्रयासों को और मजबूत करेगी। अक्टूबर में आतंकवाद से निपटने के नए उपाय ढूंढने के लिए यूएन की विशेष बैठक भी होगी। मैं 28 से 30 अक्टूबर, 2022 तक नई दिल्ली और मुंबई में होने वाली आतंकवाद पर रोकथाम के उद्देश्यों के लिए उभरती प्रौद्योगिकियों के उपयोग पर आतंकवाद विरोधी समिति की आगामी विशेष बैठक की परिषद को सूचित करना चाहता हूं कि यह आयोजन हमारे बहुपक्षीय और बहुआयामी आतंकवाद विरोधी प्रयासों को और बढ़ाने और मजबूत करने के लिए एक मंच के रूप में काम करेगा।

# स्टेशनों पर चित्रों की प्रदर्शनी 14 तक लगी

**प्रयागराज, (ब्यूरो)।** आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 14 अगस्त को सम्पूर्ण देश में विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के तौर पर याद किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज मण्डल द्वारा 12 स्टेशन यथा- सोनभद्र, मिर्जापुर, प्रयागराज, फतेहपुर, कानपुर, इटावा, एटा, मैनपुरी, टूंडला फिरोजाबाद, हाथरस एवं अलीगढ़ को चयनित किया गया था, जहाँ पर बुधवार को 10 से 14 अगस्त तक विभाजन विभीषिका से सम्बंधित चित्र प्रदर्शनी लगाई गई। आयोजित कार्यक्रम के तहत उक्त सभी स्टेशनों पर चित्रों के माध्यम से विभाजन के समय रेल द्वारा लोगों के पलायन को दर्शाया गया है।

**विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस**

प्रदर्शित चित्रों के माध्यम से वर्तमान पीढ़ी को विभाजन के दौरान लोगों द्वारा झेली गयीं कठिनाइयों को स्मरण कराने हेतु यह प्रदर्शनी लगाई गई है। उक्त प्रदर्शनी के माध्यम से भारत का विभाजन किसी भी विभीषिका से कम नहीं है से जुड़े यथासंभव प्रकरणों का प्रदर्शन किया गया है। इस अवसर पर विभिन्न स्टेशनों पर स्वतंत्रता सेनानियों /परिजनों को बुलाया गया।

## बाबा भोमिया का भंडारा बुधवार को माजरी भांडा में हुआ

मरुधर हिन्द/ हवासिंह चौधरी

**मुंडावर।** समीपवर्ती ग्राम पंचायत राजवाड़ा के गांव माजरी भांडा में बाबा भोमिया का भंडारा 10अगस्त बुधवार को सभी ग्राम वासियों के सानिध्य व सहयोग से दाल बाटी चूरमा का किया गया । कार्यक्रम का शुभारंभ बुधवार को सुबह 8ः15 बजे ब्राह्मणों द्वारा हवन कुंड में आहुति देखकर प्रारंभ किया गया। बाबा के भंडारे में आसपास के ग्रामीणों सहित जनप्रतिनिधि भी बाबा की प्रसादी लेने पहुंचे । इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि अमित चौधरी में एक कमरा व बरामदे की घोषणा की और वहीं पर सामाजिक कार्यकर्ता डीसी चौधरी ने ?111000 ग्राउंड के गेट के लिए देने की घोषणा की ग्रामीणों ने इनका तहे दिल से हार्दिक अभिनंदन किया वहीं पर अनिता चौधरी व सामाजिक कार्यकर्ता डी सी चौधरी ने ग्राउंड में वृक्ष रोपण किया। ग्रामीणों ने बताया कि 10अगस्त बुधवार को प्रातः 7ः15 हवन व 10ः15 बजे से भंडारा ,प्रसादी कार्यक्रम देर सायं तक चला ।



इस मौके पर कार्यक्रम में राजवाड़ा सरपंच रजनी मामचंद, मुंडावर विधायक प्रतिनिधि अमित चौधरी ,सामाजिक कार्यकर्ता डी सी चौधरी राजवाड़ा, छात्र नेता पवन यादव, पंचायत समिति सदस्य अनिता चौधरी, पूर्व सरपंच प्रतिनिधि सत्येंद्र चौधरी, पूर्व सरपंच मोहर सिंह चौधरी, पूर्व उप सरपंच कर्ण सिंह बोहरा,रामजश जागीदार, रूपराम सूबेदार,जशराम प्रिंसिपल, राजवाड़ा उपसरपंच मंजू चौधरी,महेश खण्डेलवाल, नरेंद्र चौधरी,नवयुवक मंडल माजरी भांडा , राज सिंह पंच, चरण सिंह पंच,महेंद्र सिंह अध्यापक,राधे श्याम अध्यापक,बच्चू लंबरदार, पंच जयप्रकाश चौधरी,रामसिंह होलदार,रामपत ठेकेदार, समाज सेवक किशोरी लाल चौधरी, नरेश चौधरी,अशोक चौधरी ऊर्फ चोपी,सत्यवीर चौधरी पूर्व पंच, सीताराम चौधरी माजरी भांडा ,हंसराज चौधरी , सहित काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## मंथन स्पेशल स्कूल में दिव्यांग बच्चों ने मनाया राखी का पर्व

मरुधर विशेष/हवासिंह चौधरी

**बहरोड़।** मंथन स्पेशल स्कूल में बुधवार को राखी का पर्व धूम धाम से मनाया गया। इस कार्यक्रम की खास बात यह थी कि सभी राखियां स्पेशल स्कूल के दिव्यांग बच्चों द्वारा ही बनाई गई थी। साथ ही बच्चों द्वारा बनाई गई राखियों की प्रदर्शनी भी लगाई गई जिसे मेहमानों द्वारा काफ़ी सराहा गया। साथ ही मंथन स्पेशल स्कूल की सहसंस्थापक डॉ0 सविता गोस्वामी एवं संरक्षक डॉ0 अरविंद कुमार गोस्वामी का भी जन्मदिन बच्चों के साथ मनाया गया। इस अवसर पर डॉ0 सविता गोस्वामी एवं डॉ0 अरविंद कुमार गोस्वामी द्वारा 51000/- इक्यावन हजार का चेक संस्था को सहयोग रूप में प्रदान किया गया। तत्पश्चात बच्चों ने एक दूसरे को रक्षासूत्र बाँधा व रक्षा तथा एक दूसरे की ताकत बनने का वचन लिया। डॉ0 सविता गोस्वामी ने अपने संबोधन में कहा कि इन बच्चों को सहानुभूति नहीं सहयोग चाहिए। इन बच्चों द्वारा बनाई गई राखियां बेहद विशेष हैं एवं समाज का हर व्यक्ति अगर ऐसे बच्चों का सहयोग करे तो ये बच्चे भी समाज की मुख्य धारा में खुद को स्थापित करने में कामयाब होंगे। कार्यक्रम में सुषमा गोस्वामी, विशेष शिक्षक कर्मवीर यादव, आकाश कुमार, शालिनी शर्मा, डॉ0 पीयूष गोस्वामी, अंकित सेन सहित दिव्यांग बच्चे एवं अभिभावकगण उपस्थित रहे।



## भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा ने निकाली तिरंगा रैली

मरुधर विशेष

**आमिर खान कामां।** कामां - कामा कस्बे के भगत सिंह सर्किल से भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने एक तिरंगा महारैली निकाली इसमें सैकड़ों की संख्या में लोग रैली में पहुंचे तिरंगा रैली कामा कस्बे के मेन बाजार होते हुए कोशी चौराहे पहुंची जहां कामा कस्बे वासियों ने तिरंगा रैली का पर पुष्प वर्षा की भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष याकूब खान ने बताया आजादी के 75 में अमृत महोत्सव पर हर घर घर घर झंडा अभियान को लेकर भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा भरतपुर द्वारा याकूब खान राजपूत जिला अध्यक्ष भरतपुर के नेतृत्व में तिरंगा रैली का आयोजन किया गया तिरंगा रैली शहीद भगत सिंह सर्किल से शुरू हुई जिसे डांग विकास बोर्ड के पूर्व चेयरमैन जवाहर सिंह ने झंडा दिखाकर रवाना किया कोसी चौराहा बाईपास मार्ग से होते हुए पंचायत समिति नगरपालिका मेन बाजार से होते हुए वापसी में कामा बायपास चौराहा सैकड़ों की तादात में कार्यकर्ता उपस्थित रहे जिनमें याकूब खान राजपूत जिला अध्यक्ष भरतपुर डॉ दीन मोहम्मद जिला उपाध्यक्ष, आसिफ अली जिला उपाध्यक्ष, अफजल मंडल अध्यक्ष, मोइन खान मीडिया प्रभारी, रविंद्र सिंह मीडिया सह प्रभारी, भाजपा सदस्य नूरानी खान, यूसुफ नंदेरा छोटू शर्मा, सहित सैकड़ों लोग रहे मौजूद।



## पार्षदों व कस्बा वासियों ने सौंपा जिला कलेक्टर के नाम ज्ञापन

मरुधर विशेष /आमिर खान कामां

**कामां** -भोजन थाली परिक्रमा मेले व कुश्ती दंगल आयोजन पर अभी संशय बरकरार है कामा नगर पालिका के पार्षदों व कस्बे वासियों ने जिला कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपकर समय पर मेला आयोजन कराए जाने की मांग की है।जिला कलेक्टर को भेजे गए ज्ञापन में बताया गया कि कामाँ में हिन्दू-मुस्लिम भाईचारे और सौहार्द के प्रतीक पॉच दिवसीय भोजनथाली परिक्रमा मेले व कुश्ती दंगल का आयोजन सन् 2019 में नगरपालिका द्वारा नहीं कराये जाने पर राजस्थान उच्च न्यायालय में जनहित याचिका लगाई गई थी जिस पर राजस्थान उच्च न्यायालय ने कामाँ के आपसी भाईचारे और सौहार्द के प्रतीक इस ऐतिहासिक कुश्ती दंगल मेले का आयोजन कराने के निर्देष जिला कलक्टर भरतपुर को दिये थे। इसके बाद कस्बेवासियों द्वारा सन् 2019 में सौहार्द पूर्ण वातावरण में कुश्ती दंगल मेले का आयोजन शान्ति पूर्वक सम्पन्न कराया गया था। पिछले दो वर्षो से कोरोना के कारण यह कुश्ती दंगल मेला सम्पन्न नहीं हो सका। यह ऐतिहासिक कुश्ती दंगल मेला पूरे उत्तरी भारत में सुप्रसिद्ध है। इस मेले के आयोजन में देश के विभिन्न प्रान्तो के सुप्रसिद्ध पहलवान कुश्ती लडने के लिए कामाँ आते है जिससे कुश्ती के खिलाडियों को प्रोत्साहन मिलता है। ज्ञापन देने वालों में भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष प्रदीप गोयल, पार्षद महेश शर्मा ,पार्षद किशोर तिवारी ,पूर्व पार्षद मथुरेश शर्मा, भाजयुमो अध्यक्ष राधेश्याम दीक्षित, फंटू लाल जुरहरा ,सोनू सैनी, सामाजिक कार्यकर्ता विजय मिश्रा सहित अन्य कस्बावासी मौजूद थे7



# डीजीपी लाठर ने जयपुर पुलिस के नए लोगो का किया अनावरण

### महानिदेशक पुलिस एम एल लाठर ने बुधवार को पुलिस मुख्यालय में जयपुर पुलिस के नए प्रतीक चिन्ह (लोगो) का अनावरण किया

मरूधर विशेष/महावीर सिंह चौहान



**जयपुर ।** डीजीपी लाठर ने जयपुर पुलिस को नये लोगो की बधाई देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि जयपुर पुलिस अपनी गौरवशाली परंपराओं को निरंतर आगे बढ़ाकर आमजन का विश्वास अर्जित करने के साथ ही अपराधों पर रोकथाम की दिशा में भी प्रभावी कार्यवाही करती रहेगी

जयपुर पुलिस आयुक्त आनंद श्रीवास्तव ने महानिदेशक को नए लोगो के बारे में जानकारी दी। महानिदेशक लाठर ने पुलिस आयुक्त आनंद श्रीवास्तव के नया लोगो लगाकर जयपुर पुलिस के नए लोगो का शुभारंभ किया।। उन्होंने इस अवसर पर मौजूद अतिरिक्त पुलिस आयुक्त अजय पाल लांबा एवं के सी विश्नोई के भी नया लोगो लगाया। उन्होंने उपायुक्त पुलिस प्रहलाद कृष्णिया, रिचा तोमर, पारिस देशमुख,राजीव पचार, श्वेता धनकड़ और अरशद अली के भी नया लोगो लगाया। जयपुर पुलिस का यह नया लोगो विश्वविख्यात डिजाइनर रोहित कामरा एवं उनकी टीम द्वारा देशविदेश के कई पुलिस संगठनों के लोगो पर अनुसंधान उपरांत तैयार किया गया है। राजस्थान पुलिस के ध्वज की पृष्ठभूमि में मौजूद नीले रंग को आधार बनाकर नये लोगो को डिजाइन किया गया है।







# मां का रिश्ते में ताऊ के साथ थे अवैध संबंध , बेटे ने ताऊ का किया कत्ल, कहा- हां मैंने मारा

मरूधर विशेष /महावीर सिंह चौहान

**चुरू।** सादुलपुर रेलवे कॉलोनी में पशु खरीद कर बिक्री करने वाले एक व्यक्ति की कल हुई निर्मम हत्या मामले में पुलिस ने चंद घंटों बाद ही आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है. आज देर शाम को पुलिस ने हत्या का पर्दाफाश करते हुए मृतक के सगे भतीजे अंकित कुमार को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है.



### अवैध संबंधों के कारण हत्या

स्क्कअशोक बुटालिया तथा थानाधिकारी कृष्ण कुमार बलौदा ने मामले का पर्दाफाश करते हुए बताया की मृतक के भतीजे अंकित कुमार ने प्रारंभिक पूछताछ में पुलिस को बताया कि मृतक विजय सिंह के उसकी मां के साथ अवैध संबंधों के कारण हत्या करना स्वीकार किया है.

### घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी फरार होने की फिराक में था

उन्होंने बताया कि घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी रेलवे कॉलोनी के आसपास क्षेत्रों में ही घूमता रहा तथा बाद में रेलवे स्टेशन पर किसी ट्रेन में सवार होकर फरार होने की कोशिश करते समय पुलिस ने आरोपी को रात को दबोच लिया. पुलिस ने घटनास्थल की फोटोग्राफी तथा वीडियोग्राफी करवाई तथा चूरू से एफएसएल टीम को बुलाया तथा साक्ष्य जुटाये.

### थानाधिकारी कृष्ण कुमार बलौदा ने बताया

देर शाम को धन सिंह जाट उम्र 50 वर्ष निवासी नवा ने मौके पर पहुंचकर मृतक के शव का अपने छोटे भाई विजय सिंह के रूप शिनाख्त की तथा देर रात्रि को धन सिंह ने मामला दर्ज करवाया. धन सिंह ने बताया उसका छोटा भाई विजय सिंह जो अविवाहित है तथा उसके छोटे भाई संजय जो आर्मी में नौकरी करता है उसके साथ सादुलपुर लोको कॉलोनी में रहता है.

### सूचना मिली कि शव लोको कॉलोनी में पड़ा

दिनांक 8 अगस्त को शाम चार बजे सूचना मिली कि उसके भाई विजय सिंह की किसी ने हत्या कर दी है जिसका शव लोको कॉलोनी में संजय के घर पर पड़ा है. सूचना पर उसके चाचा के लड़के कुलदीप और कृष्ण कुमार के साथ संजय के मकान पर सादुलपुर पहुंचे तो देखा कि संजय के मकान के अंदर हाल में चारपाई पर उसके भाई विजय सिंह का खून से लथपथ शव पड़ा है. सिर पर काफी धारदार हथियार से चोट आई हुई थी तथा बाएं हाथ की कलाई पर चोट का गहरा घाव बना हुआ था.

मौका पर उसके भाई संजय, उसकी पत्नी सुशीला और भी काफी लोग थे लेकिन उसका भतीजा अंकित नहीं था जिस पर हमने पता किया तो जानकारी मिली की अंकित दोपहर से ही गायब है. दर्ज मामले में धन सिंह ने बताया कि उसके भतीजे तथा भाई विजय सिंह की पहले से ही आपस में बोलचाल हुई थी तब अंकित कहता था कि ताऊ विजय सिंह की हरकतें ठीक नहीं है मुझे यह पसंद नहीं है. अंकित ने कहा या तो इसको समझा लो वरना बड़ा नुकसान हो

मुझे शक है कि मेरे भतीजे अंकित ने मेरे भाई विजय सिंह की हत्या कर दी है. पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी तथा मृतक का पोस्टमार्टम करवा कर शव उसके परिजनों को सौंप दिया.

### चंद घंटों में किया खुलासा

पुलिस अनुसार घटना के बाद जिला पुलिस अधीक्षक दिंगत आनंद एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अशोक बुटालिया सीओ बृजमोहन असवाल के निकटतम सुपरविजन में मामले के खुलासे के लिए स्थानीय पुलिस द्वारा टीम वर्क कार्य करते हुए विशेष आम सूचना संकलित की गई. प्राप्त सूचनाओं का तकनीकी विश्लेषण किया.

### घटना के चंद घंटों बाद ही आरोपी को किया गिरफ्तार

अंकित कुमार उम्र 20 वर्ष निवासी नवा तहसील राजगढ़ जिला चुरु हाल निवासी वार्ड नंबर 18 दुर्गा कॉलोनी को गिरफ्तार कर लिया गया तथा आरोपी अंकित कुमार द्वारा घटना करना स्वीकार करते हुए अपने ताऊ विजय सिंह की हत्या करना स्वीकार किया है. थाना अधिकारी ने बताया कि प्राथमिक पूछताछ के अनुसार आरोपी अंकित कुमार ने अपनी माता के साथ अपने ताऊ विजय सिंह के अवैध संबंधों के चलते हत्या करना सामने आया है आरोपी से पूछताछ और अनुसंधान जारी है.

# स्वामी भक्त वीर शिरोमणि दुर्गादास की 384 वी जयंती आज राजपूत सभा भवन में मनाई गई

मरूधर विशेष/महावीर सिंह चौहान

आज श्री राजपूत सभा भवन में किंग मेकर राष्ट्र प्रेमी देशभक्त वीर दुर्गादास राठौड़ की 384 जयंती मनाई गई जिसमें उनके अश्व रजित छायाचित्र पर सभी लोगों ने माला अर्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की पर मिठाई बांटकर खुशियां मनाई।



सभा को संबोधित करते हुए राजपूत सभा भवन के महामंत्री बलबीर सिंह हाथोज ने बताया वीर दुर्गादास राठौड़ कुशल योद्धा के साथ-साथ एक कुशल कूटनीतिज्ञ भी थे वीर दुर्गादास राठौड़ की सेना में विभिन्न जाति के सैनिक हुआ करते थे

मारवाड़ की तत्कालीन महाराजा जसवंत सिंह की मृत्यु के बाद उनकी रानियों और नवजात पुत्र अजीत जिनको बादशाह औरंगजेब ने बंदी बना लिया था उन्हें सुरक्षित स्थान पर पहुंचाना तथा पालन पोषण कर जोधपुर की राजगद्दी पर बिठाने का महत्वपूर्ण ऐतिहासिक कार्य संपन्न किया । बादशाह औरंगजेब के पूर्व दमनकारी शासन काल की विपरीत परिस्थितियों मैं यह दुष्कर कार्य वीर महापुरुष दुर्गादास राठौड़ ने कर दिखाया जो राजपूताना की इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में अंकित है वीर दुर्गादास दलितों के मसीहा थे उन की सेवा में मांजलिया बलाई हमेशा उनके साथ रहें, उनका चबूतरा उज्जैन में वीर दुर्गादास छतरी के पास बना हुआ है किंग मेकर वीर दुर्गादास महान योद्धा के साथ-साथ कुशल कूटनीतिज्ञ जिन्होंने अपने राज्य के लिए सब कुछ न्योछावर कर दिया । इस अवसर पर सभा के संगठन मंत्री धीर सिंह शेखावत , सह मंत्री मोहन सिंह बगड़ , कोषाध्यक्ष प्रभुमन सिंह शेखावत , कार्यकारिणी सदस्य गजराज सिंह केलाई (एडवोकेट) , मूलसिंह शेखावत , सुरेंद्र सिंह नरूका (एडवोकेट) श्री राजपूत सभा मानसरोवर इकाई अध्यक्ष बहादुर सिंह शेखावत, लक्ष्मण सिंह गोटिया , चंद्र सिंह नरूका , जगमोहन सिंह राठौड़ , जय राजपूताना संघ अध्यक्ष श्री राजपूत सभा भवन के आजीवन सदस्य ऋषिराज सिंह, प्रहलाद सिंह शेखावत , राजेंद्र सिंह राघव , विक्रम सिंह शेखावत व समाज के अन्य गणमान्य लोगों ने वीर दुर्गादास राठौड़ के छाया चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया अंत में संगठन मंत्री ने आगंतुकों का धन्यवाद किया ।

# भाजपा युवा मोर्चा ने विशाल तिरंगा बाइक रैली निकाली

मरुधर हिन्द/ रमाकान्त शर्मा

**बानसूर** - अमृत महोत्सव को लेकर भाजपा युवा मोर्चा की ओर से सुबह 10 बजे बाबा गिरधारी दास मंदिर बानसूर से भिवाड़ी तक 75 किलोमीटर विशाल तिरंगा बाइक रैली निकाली । तिरंगा बाइक रैली को पूर्व यूआईटी चेयरमैन देवी सिंह शेखावत ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। भाजपा कार्यकर्ता विजय कुमावत ने बताया कि भाजपा युवा मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष तेजस्वी सूर्य और युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष हिमांशु शर्मा के आह्वान पर आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होने पर अमृत महोत्सव के शुभ अवसर पर सुबह 10 बजे बानसूर गिरधारी दास महाराज मन्दिर से भिवाड़ी 75 किलोमीटर तक एक विशाल तिरंगा बाइक रैली का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें भाजपा कार्यकर्ताओं सहित हजारों की संख्या में राष्ट्रभक्त शामिल रहे। उन्होंने बताया कि तिरंगा रैली ततारपुर, खैरथल ,किशनगढ़ बास, तिजारा, टपूकड़ा, मानसा चौक, खोरी बैरियल होते हुए गुर्जर सम्राट मिहिर भोज चौक भिवाड़ी मोड़ स्कूल मैदान पर पहुंचेगी जहां बाइक रैली का भव्य स्वागत किया जाएगा। इस दौरान बाइक रैली में पूर्व यूआईटी चेयरमैन देवीसिंह शेखावत, भाजपा मंडल अध्यक्ष नरेन्द्र चौधरी, महामंत्री योगेश सोनी, सुरेश ज्ञानपुरिया, ईश्वर यादव,कमल मीणा, सुन्दर गुर्जर, सहित भारी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और युवाओं ने भाग लिया। वही तिरंगा बाइक रैली का रास्ते में जगह-जगह फूल बरसाकर स्वागत किया गया।

## सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ के आयोजन के क्रम में 8वा सप्ताह



मरूधर विशेष/खेमचन्द गुप्ता



वार्ड 41झोटवाड़ा में सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ का आयोजन किया गया इस संबंध मे वार्ड के पार्षद श्री गणेश जी नाथावत ने बताया की सामूहिक हनुमान चालीसा का हर मंगलवार को सामूहिक रूप से पाठ करने का निर्णय वार्ड की सभी नागरिकों ने मिलकर लिया ताकि इससे समाज में एकता रहे और हनुमान चालीसा के पाठ के साथ साथ वार्ड के लोगो का आपस मे मेल मिलाप रहे और एक दूसरे के हालचाल और वार्ड की अन्य कोई समस्या और समाधान के बारे में चर्चा कर सके ।

## ब्रह्मा कुमारी ओम शांति परिवार की बहनों ने राखी बांधकर कराया मुंह मीठा



मरूधर विशेष/महावीर सिंह

जयपुर राजस्थान के विद्याधर नगर थाना प्रभारी वीरेंद्र कुरील का रक्षाबंधन के पूर्व ब्रह्माकुमारी ओम शांति परिवार की बहनों ने रक्षा सूत्र बांधकर मुंह मीठा करा कर रक्षाबंधन के पर्व पर भाई बहनों के अटूट प्रेम के पर्व पर रक्षा वचन लेकर मुंह मीठा कराया साथ ही विद्याधर नगर क्षेत्र के थाना क्षेत्र परिसर को खुशहाली और अमन कायम रहने का दिया आशीर्वाद ।

## तिजारा आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होने पर भव्य तिरंगा बाइक रैली निकाली गई

मरुधर विशेष राकेश सैनी

तिजारा आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होने पर युवाओं द्वारा भव्य तिरंगा बाइक रैली निकाली गई जिसमें हजारों युवाओं ने भाग लिया जिसमें भारत माता की जय वंदे मातरम के नारे का जयघोष किया गया यह रैली शहीद स्मारक से प्रारंभ होकर संपूर्ण बाजार होती हुई शीतला माता मंदिर थक गई जिसमें अनेकों संगठन के युवाओं ने भाग लिया रैली में डीजे के साथ नाचते गाते वह वंदे मातरम के नारे लगाते हुए युवाओं में भारी जोश देखने को मिला आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होने पर घर घर तिरंगा लहराया वह पूरे बाजार में सभी दुकानों पर तिरंगा लगाया गया बाजार में रैली के ऊपर पुष्प वर्षा की गई तिरंगा यात्रा के दौरान भाजपा नेता राकेश यादव पूर्व विधायक मामन सिंह यादव पुरुषोत्तम सैनी एडवोकेट पूर्व सभापति भिवाड़ी संदीप दायमा जेपी प्रधान प्रधान, सैनी समाज प्रधान कृष्ण सैनी, पूर्व चेयरमैन रामेश्वर सैनी, इंदर सिंह दहिया आदर्श अभिनय समाज अध्यक्ष, धनसिंह सैनी अशोक जोगी कपिल गुप्ता निरंजन सेन भारत सैनी यशपाल सैनी राहुल सैनी कमलेश सैनी बने सिंह गुर्जर चिराग सैनी चतुर्भुज यादव मुकुल जाटव केशव दत्त शर्मा राजेश शर्मा अनिल खिदरपुर या आदि लोग मौजूद रहे उधर ही भाजपा युवा मोर्चा द्वारा 75 किलोमीटर तिरंगा यात्रा बानसूर से प्रारंभ होकर भिवाड़ी तक निकाली गई जिसमें युवा मोर्चा के सभी कार्यकर्ता मौजूद रहे।यात्रा के दौरान पुलिस प्रशासन की व्यवस्था सराहनीय रही ।




## अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी का नेतृत्व संगम कार्यशाला का हुआ समापन

मरुधर विशेष राकेश सैनी

तिजारा में चल रही अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की दस दिवसीय नेतृत्व संगम कार्यशाला के समापन पर जिला कांग्रेस कमेटी, अलवर के जिलाध्यक्ष योगेश मिश्रा के नेतृत्व में विभिन्न राज्यों से पधारे कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठजनों का स्वागत सम्मान किया गया।कांग्रेस जिलाध्यक्ष योगेश मिश्रा बताया की शिविर में नेतृत्व क्षमता विकसित करने, गांधीवादी विचारधारा, कांग्रेस की रीति-नीति को आमजन एवं घर-घर तक पहुंचाकर कर पार्टी से जोड़ना, सत्ता प्राप्ति को लेकर धार्मिक उन्माद फैलाने वालों के बारे में आमजन को बताना आदि मुद्दों को लेकर प्रशिक्षण दिया गया।



समापन के अवसर पर शिविर संयोजक एवं एआईसीसी के प्रशिक्षण प्रमुख सचिन राव, राजीव गांधी पंचायती राज संगठन की राष्ट्रीय अध्यक्ष मीनाक्षी नटराजन, एआईसीसी सचिव सचिन नायक प्रकाश जोशी, हर्षवर्धन सकपाल, रोशन रायकवार, राजस्थान युवा बोर्ड के चेयरमैन सीताराम लाम्बा, पीसीसी के सचिव जसवंत गुर्जर सहित देशभर से पधारे सभी वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं का जिला कांग्रेस कमेटी अलवर के जिलाध्यक्ष योगेश मिश्रा एवं पदाधिकारियों ने सूत की माला व कांग्रेसी पट्टा पहनाकर एवं गुलाब का फूल देकर और पुष्प वर्षा करके स्वागत एवं अभिनंदन किया।

सम्मान करने वालों में जिलाध्यक्ष योगेश मिश्रा, बलराम यादव, हरीश कुमार, रिपु दमन गुप्ता, रामस्नेही शर्मा, देशपाल यादव,राजेश कृष्ण सिद्ध, पंकज शर्मा, प्रीतम मेंदीरत्ता, राजेश विरमानी, दिनबंधु शर्मा, नितिन जैन, जे डी आर्यन, केके खंडेलवाल, पवन खटाना, रामनिवास प्रजापत, विनोद जागिड, कृष्ण कुमार आदि प्रमुख रूप से शामिल थे।

## तिजारा आर्य समाज में वेद प्रचार सप्ताह का आयोजन

आर्य समाज मंदिर तिजारा में 12 अगस्त शुक्रवार से 18 अगस्त गुरुवार तक वेद प्रचार सप्ताह का आयोजन होने जा रहा है जिसमें आर्य जगत के प्रसिद्ध विद्वान रामनिवास आर्य पानीपत, पंडित रामफल आर्य भिवानी, हरियाणा प्रचार मंडल के माणकचंद आर्य , नगर विकास न्यास अलवर के पूर्व अध्यक्ष प्रदीप आर्य , शिवकुमार कौशिक विशेष रुप से पधार रहे हैं उप मंत्री आर्य जयसिंह मन्नालाल ने बताया कि प्रतिदिन प्रातः व सांय 8ः00 बजे से 11ः00 बजे तक कार्यक्रम का आयोजन होगा प्रातः काल की सभा में विश्व कल्याण की भावना से विशेष हवन किया जाएगा जिसमें अनेकों यजमान इन 7 दिनों में आहुतियां देंगे कार्यक्रम के मुख्य अतिथि तिजारा विधायक संदीप यादव व विशिष्ट अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष झब्बू रामजी सैनी रहेंगे।

## संपादकीय

# संकट में पशुपालक

पंजाब, हिमाचल प्रदेश व राजस्थान में दुधारू पशुओं के लंपी स्किन का शिकार होने के बाद बीमारी के हरियाणा के यमुनानगर, सिरसा आदि कई जिलों में भी दस्तक देने से चिंताएं बढ़ गई हैं। इस संक्रामक रोग ने पशुपालकों को गंभीर संकट में डाल दिया है। पशुओं की बीमारी व लगातार होती मौतों से दूध का उपयोग करने वाले लोग भी चिंतित हैं कि कहीं इस बीमारी का प्रभाव दूध पीने वाले लोगों पर न हो जाये। बताया जा रहा है कि इस बीमारी का सर्वाधिक प्रभाव जर्सी नस्ल की गाय पर पड़ रहा है। संक्रमण के तेज होने से हजारों पशु इसकी चपेट में हैं। एक तो पशुपालकों को आर्थिक नुकसान हो ही रहा है, वहीं दूध का कारोबार करने वाले लोगों के लिये भी मुश्किल खड़ी हो गई है। दरअसल, दूध को लेकर उपभोक्ताओं के मन में शंका पैदा हो रही है। कई लोगों ने दूध का उपयोग बंद करके पाउडर वाले दूध का प्रयोग करना आरंभ कर दिया है। वहीं संकट यह भी है कि इस बीमारी की चपेट में आने वाली गायों का दूध भी कम होने लगा है। दरअसल, सरकारें देर से जागी हैं और प्रभावी टीके की व्यवस्था समय रहते नहीं हो पायी है। कहने को पंजाब सरकार ने पशु मेलों आदि सार्वजनिक आयोजनों पर रोक लगाई है, लेकिन इतने मात्र से बीमारी का प्रसार रुकने की कम ही संभावना है। यह संकट गौशाला प्रबंधकों के सामने भी है जहां बड़ी संख्या में गायें रखी जाती हैं। ऐसी स्थिति में पशुओं के लिये पर्याप्त चिकित्सा की व्यवस्था कर पाना एक चुनौती होगा। दरअसल, जब देश में इंसानों के अस्पताल ही बदहाली की स्थिति में हैं तो पशुओं के लिये पर्याप्त इलाज की संभावना तो क्षीण ही है। एक तो पशु अस्पताल पहले ही गिने-चुने हैं, वहीं चिकित्सकों व स्टाफ की कमी बराबर बनी रहती है। निस्संदेह, इस बीमारी की कारगर वैक्सीन उपलब्ध कराने की दिशा में गंभीर पहल हो क्योंकि अभी तो वैकल्पिक वैक्सीन से ही काम चलाया जा रहा है। बहरहाल,एक बात तो तय है कि इस गंभीर बीमारी का निदान फौरी उपचार से नहीं हो सकता। समय रहते दवाओं की व्यवस्था हो तथा स्वस्थ पशुओं को यथाशीघ्र वैक्सीन उपलब्ध करायी जाए। इस महामारी से युद्ध स्तर पर जूझने की जरूरत है। साथ ही चिकित्सा सुविधाओं की उपलब्धता में तेजी लाने के साथ ही पशुपालकों को जागरूक करने की भी जरूरत है ताकि इस संक्रामक रोग की चपेट में आने से अन्य स्वस्थ पशुओं को बचाया जा सके। साथ ही पशु चिकित्सालयों में चिकित्सकों, कर्मचारियों व दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की जाये। हालांकि, राज्य सरकार के अधिकारी कह रहे हैं कि यह रोग पशुओं तक सीमित है और इंसानों में नहीं फैलता, अत- इसको लेकर आतंकित होने की जरूरत नहीं है। सावधानी के तौर पर दूध को उबालकर ही पीने की सलाह दी जा रही है। वहीं हरियाणा सरकार के अधिकारी बीमारी से बचाव के लिये दवा कंपनियों द्वारा बाजार में इंजेक्शन उपलब्ध होने की बात कर रहे हैं। साथ ही पशुपालकों को सलाह दी जा रही है कि इस बीमारी से ग्रस्त पशुओं को वैक्सीन न दी जाये, उससे रोग बढ़ने की आशंका बनी रहती है। इसके अलावा केंद्र सरकार की ओर से रोग से प्रभावित राज्यों के पशुओं के दूसरे राज्यों में जाने पर चौकसी बरतने के निर्देश दिये गये हैं। अधिकारियों से पशुओं की अन्य राज्यों में आवाजाही पर सख्ती बरतने को कहा गया है। लेकिन सबसे महत्वपूर्ण सवाल यह है कि जब हाल के दिनों में जंगली जानवरों से वायरस इंसान के शरीर में दस्तक देने का खतरा लगातार बढ़ रहा है, इससे बचाव के लिये हम कितने तैयार हैं? कोरोना वायरस से उपजी तबाही को पूरी दुनिया भुगत चुकी है। इस दिशा में शोध अनुसंधान का दायरा बढ़ाने की जरूरत है ताकि मानवता को नये संक्रामक रोगों से निरापद रखा जा सके। साथ ही पशु चिकित्सालयों को विस्तार देने के साथ उपचार के लिये व्यापक प्रबंधन करने की जरूरत है।



# चीन को झटका

संकट के समय पड़ोसी की मदद करना देर-सबेर काम आता ही है। श्रीलंका ने चीन के जासूसी पोत को हंबनटोटा बंदरगाह पर आने देने की अनुमति में रोड़ा लगाकर मुसीबत के समय भारत से मिली मदद का महत्त्व साबित किया है। भारत की आपत्ति के बाद श्रीलंका के रणनीतिक रूप से अहम हंबनटोटा बंदरगाह पर उच्च तकनीक वाले एक चीनी अनुसंधान पोत की यात्रा को स्थगित करने की बात कहने से चीन को करारा झटका लगा है, और चीन के कोलंबो दूतावास ने श्रीलंकाई अधिकारियों के साथ तत्काल बैठक की मांग की है। उल्लेखनीय है कि चीनी अनुसंधान पोत 'युआन वांग 5' की यह यात्रा पूर्व निर्धारित थीग पोत को 11 से 17 अगस्त तक हंबनटोटा बंदरगाह पर रुकना था। सियासी हंगामे के बीच 12 जुलाई को तत्कालीन श्रीलंका सरकार ने हंबनटोटा बंदरगाह पर चीनी पोत को रुकने की मंजूरी दी थीग लेकिन अब श्रीलंका के विदेश मंत्रालय ने चीन से कहा है कि हंबनटोटा बंदरगाह पर पोत 'युआन वांग 5' के आगमन को आगे की चर्चा होने तक स्थगित किया जाए। चीन ने कोलंबो दूतावास के जरिए श्रीलंका के उच्च अधिकारियों के साथ तत्काल बैठक की मांग की। राजपक्षे परिवार के गृह क्षेत्र में स्थि



के साथ विकसित किया गया है। अपने ही धन

पोत की यात्रा पर अड़ंगे से चीन बौखला गया है। अनुसंधान पोत के नाम पर जासूसी पोत भेजे जाने की भनक लगते ही भारत ने श्रीलंका को सूचित किया कि उच्च तकनीक वाले चीनी अनुसंधान पोत के हंबनटोटा बंदरगाह पर रुकने से भारत की सुरक्षा को खतरा हो सकता है। चीन के इस पोत में उपग्रहों एवं अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइलों का पता लगाने की क्षमता है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता के अनुसार नई दिल्ली इस आशंका को लेकर चिंतित है कि पोत की निगरानी प्रणाली भारतीय प्रतिष्ठानों की जासूसी करने का प्रयास कर सकती है। भारत हिंद महासागर में चीनी पोतों की गतिविधियों पर आपत्ति करता रहा है। श्रीलंका में चल रही उथल-पुथल के दौरान चार अरब डॉलर की आर्थिक सहायता देकर मदद में भारत आगे रहा है क्योंकि द्वीप देश अब तक के सबसे खराब आर्थिक संकट का सामना कर रहा है। श्रीलंका का कहना है कि इस मामले को मित्रता के दृष्टिकोण से सुलझाया जाएगा।

## चिंतन-मनन

# उपयोगी हल

एक बार की बात है एक राजा था। उसका एक बड़ा-सा राज्य था।एक दिन उसे देश घूमने का विचार आया और उसने देश भ्रमण की योजना बनाई और घूमने निकल पड़ा। जब वह यात्रा से लौट कर अपने महल आया। उसने अपने मंत्रियों से पैरों में दर्द होने की शिकायत की। राजा का कहना था कि मार्ग में जो कंकड़ पत्थर थे वे मेरे पैरों में चुभ गए और इसके लिए कुछ इंतजाम करना चाहिए। कुछ देर विचार करने के बाद उसने अपने सैनिकों व मंत्रियों को आदेश दिया कि देश की संपूर्ण सड़कें चमड़े से ढंक दी जाएं। राजा का ऐसा आदेश सुनकर सब सकते में आ गए। लेकिन किसी ने भी मना करने की हिम्मत नहीं दिखाई। यह तो निश्चित ही था कि इस काम के लिए बहुत सारे रुपए की जरूरत थी। लेकिन फिर भी किसी ने कुछ नहीं कहा। कुछ देर बाद राजा के एक बुद्धिमान मंत्री ने एक युक्ति निकाली।

उसने राजा के पास जाकर डरते हुए कहा कि मैं आपको एक सुझाव देना चाहता हूँ। अगर आप इतने रुपयों को अनावश्यक रूप से बर्बाद न करना चाहें तो एक अच्छी तरकीब मेरे पास है। जिससे आपका काम भी हो जाएगा और अनावश्यक रुपयों की बर्बादी भी बच जाएगी। राजा आश्चर्यचकित था क्योंकि पहली बार किसी ने उसकी आज्ञा न मानने की बात कही थी। उसने कहा बताओ क्या सुझाव है। मंत्री ने कहा कि पूरे देश की सड़कों को चमड़े से ढंकने के बजाय आप चमड़े के एक टुकड़े का उपयोग कर अपने पैरों को ही क्यों नहीं ढंक लेते। राजा ने अचरज की दृष्टि से मंत्री को देखा और उसके सुझाव को मानते हुए अपने लिए जूता बनवाने का आदेश दे दिया। यह कहानी हमें एक महत्वपूर्ण पाठ सिखाती है कि हमेशा ऐसे हल के बारे में सोचना चाहिए जो ज्यादा उपयोगी हो। जल्दबाजी में अप्रायोगिक हल सोचना बुद्धिमानी नहीं है। दूसरों के साथ बातचीत से भी अच्छे हल निकाले जा सकते हैं।

# रक्षाबंधन-अतीत के आईने में

इतिहास के पन्ने पलटने पर रक्षाबंधन का साक्ष्य रानी कर्णावती व सम्राट हुमायूँ हैं। मध्यकालीन युग में राजपूत व मुस्लिमों के बीच संघर्ष चल रहा था। रानी कर्णावती चितौड़ के राजा की विधवा थीं। उस दौरान गुजरात के सुल्तान बहादुर शाह से अपनी और अपनी प्रजा की सुरक्षा का कोई रास्ता न निकलता देख रानी ने हुमायूँ को राखी भेजी थी। तब हुमायूँ ने उनकी रक्षा कर उन्हें बहन का दर्जा दिया था।

प्रो.शरद नारायण खरे

*'खुशियाँ लेकर आ गया,रक्षाबंधन पर्व।*
*धर्म आज मंगल करे,नीति कर रही गर्व।।*

बहना ने भाई की कलाई से प्यार बाँधा है, प्यार के दो तार से संसार बाँधा है... सुमन कल्याणपुर द्वारा गाया गया यह गाना रक्षाबंधन का बेहद चर्चित गाना है। भले ही ये गाना बहुत पुराना न हो पर भाई की कलाई पर राखी बाँधने का सिलसिला बेहद प्राचीन है। रक्षाबंधन का इतिहास सिंधु घाटी की सभ्यता से जुड़ा हुआ है। वह भी तब जब आर्य समाज में सभ्यता की रचना की शुरुआत मात्र हुई थी।

हिंदू धर्म में रक्षाबंधन का त्योहार काफी धूमधाम से मनाया जाता है, ये है पर्व भाई-बहन के अटूट रिश्ते का प्रतीक है, इस दिन बहनें अपने भाई की कलाई में राखी बांधती हैं और उनके अच्छे स्वास्थ और लंबे जीवन की कामना करती हैं, तो वहीं भाई अपनी बहन को इस अवसर पर कठिन परिस्थिति में उसका साथ देने का वादा करता है, रक्षाबंधन का त्योहार श्रावण मास की पूर्णिमा को मनाया जाता है।देश भर में यह त्योहार 11 अगस्त (यानि गुरुवार) को मनाया जाएगा, जिसके लिए बहनों ने अच्छी तरह से तैयारी की हैं, वास्तव में रक्षाबंधन भाई बहन के अटूट प्रेम को समर्पित त्योहार है जो सदियों से मनाया जाता आ रहा है।

रक्षाबंधन पर्व पर जहाँ बहनों को भाइयों की कलाई में रक्षा का धागा बाँधने का बेसब्री से इंतजार करती हैं, वहीं दूर रह रहे भाइयों को भी इस बात का इंतजार होता है कि उनकी बहना उन्हें राखी भेजे। उन भाइयों को निराश होने की जरूरत नहीं है, जिनकी अपनी सगी बहन नहीं है, क्योंकि मुँहबोली/धर्म बहनों से भी राखी बंधवाने की परंपरा काफी पुरानी है।

वास्तव में,रक्षाबंधन की परंपरा ही उन बहनों ने डाली थी जो सगी नहीं थीं। भले ही उन बहनों ने अपने संरक्षण के लिए ही इस पर्व की शुरुआत क्यों न की हो लेकिन उसी बदौलत आज भी इस त्योहार की मान्यता बरकरार है।पौराणिक मान्यताओं को देखें तो इस त्योहार की शुरुआत की उत्पत्ति लगभग 6 हजार साल पहले बताई गई है।

भगवत पुराण और विष्णु पुराण के आधार पर यह माना जाता है कि जब भगवान विष्णु ने राजा बलि को हरा कर तीनों लोकों पर अधिकार कर लिया, तो बलि ने भगवान विष्णु से उनके महल में रहने का आग्राह किया। भगवान विष्णु इस आग्रह को मान गये। हालाँकि



भगवान विष्णु की पत्नी लक्ष्मी को भगवान विष्णु और बलि की मित्रता अच्छी नहीं लग रही थी, अतः उन्होंने भगवान विष्णु के साथ वैकुण्ठ जाने का निश्चय किया।इसके बाद माँ लक्ष्मी ने बलि को रक्षा धागा बाँध कर भाई बना लिया. इस पर बलि ने लक्ष्मी से मनचाहा उपहार मांगने के लिए कहा. इस पर माँ लक्ष्मी ने राजा बलि से कहा कि वह भगवान विष्णु को इस वचन से मुक्त करे कि भगवान विष्णु उसके महल मे रहेंगे. बलि ने ये बात मान ली और साथ ही माँ लक्ष्मी को अपनी बहन के रूप में भी स्वीकारा।

भगवान विष्णु के दो पुत्र हुए शुभ और लाभ. इन दोनों भाइयों को एक बहन की कमी बहुत खलती थी, क्यों की बहन के बिना वे लोग रक्षाबंधन नहीं मना सकते थे. इन दोनों भाइयों ने भगवान गणेश से एक बहन की मांग की. कुछ समय के बाद भगवान नारद ने भी गणेश को पुत्री के विषय में कहा।इस पर भगवान गणेश राज़ी हुए और उन्होंने एक पुत्री की कामना की. भगवान गणेश की दो पत्नियों रिद्धि और सिद्धि, की दिव्य ज्योति से माँ संतोषी का अविर्भाव हुआ। इसके बाद माँ संतोषी के साथ शुभ लाभ रक्षाबंधन मना सके।

एक अन्य पौराणिक कहानी के अनुसार, मृत्यु के देवता यम जब अपनी बहन यमुना से 12 वर्ष तक मिलने नहीं गये, तो यमुना दुखी हुई और माँ गंगा से इस बारे में बात की। गंगा ने यह सुचना यम तक पहुंचाई कि यमुना उनकी प्रतीक्षा कर रही हैं. इस पर यम युमना से मिलने आये।यम को देख कर यमुना बहुत खुश हुईं और उनके लिए विभिन्न तरह के व्यंजन भी बनायीं। यम को इससे बेहद खुशी हुई और उन्होंने यमुना से कहा कि वे मनचाहा वरदान मांग सकती हैं. इस पर यमुना ने उनसे ये वरदान माँगा कि यम जल्द पुनः अपनी बहन के पास आयें. यम अपनी बहन के प्रेम और स्नेह से गद गद हो गए और यमुना को अमरत्व का वरदान दिया. भाई बहन के इस प्रेम को भी रक्षा बंधन के हवाले से याद किया जाता है।

पौराणिक मान्यता के अनुसार कृष्ण व द्रोपदी को माना जाता है। कृष्ण भगवान ने दुष्ट राजा शिशुपाल को मारा था। युद्ध के दौरान कृष्ण के बाएँ हाथ की अँगुली से खून बह रहा था। इसे देखकर द्रोपदी बेहद दुखी हुईं और उन्होंने अपनी साड़ी का टुकड़ा चीरकर कृष्ण की अँगुली में बाँधा जिससे उनका खून बहना बंद हो गया।तभी से कृष्ण ने द्रोपदी को अपनी बहन स्वीकार कर लिया था। वर्षों बाद जब पांडव द्रोपदी को जुए में हार गए थे और भरी सभा में उनका चीरहरण हो रहा था तब कृष्ण ने द्रोपदी की लाज बचाई थी।

दूसरा उदाहरण अलेक्जेंडर व पुरू के बीच का माना जाता है। कहा जाता है कि हमेशा विजयी रहने वाला अलेक्जेंडर भारतीय राजा पुरू की प्रखरता से काफी विचलित हुआ। इससे अलेक्जेंडर की पत्नी काफी तनाव में आ गईं थीं।उसने रक्षाबंधन के त्योहार के बारे में सुना था। सो, उन्होंने भारतीय राजा पुरू को राखी भेजी। तब जाकर युद्ध की स्थिति समाप्त हुई थी। क्योंकि भारतीय राजा पुरू ने अलेक्जेंडर की पत्नी को बहन मान लिया था।

इतिहास के पन्ने पलटने पर रक्षाबंधन का साक्ष्य रानी कर्णावती व सम्राट हुमायूँ हैं। मध्यकालीन युग में राजपूत व मुस्लिमों के बीच संघर्ष चल रहा था। रानी कर्णावती चितौड़ के राजा की विधवा थीं। उस दौरान गुजरात के सुल्तान बहादुर शाह से अपनी और अपनी प्रजा की सुरक्षा का कोई रास्ता न निकलता देख रानी ने हुमायूँ को राखी भेजी थी। तब हुमायूँ ने उनकी रक्षा कर उन्हें बहन का दर्जा दिया था।

यही कहा जा सकता है कि,

*'धागा में तो प्रेम है,बिन स्वारथ हैं भाव।*
*मंगलमय,पावन दिवस,रखता है अति ताव।।*

## विचार मंथन

# एनडीए को झटका

सिद्धार्थ शंकर

बिहार में नीतीश कुमार के भाजपा से अलग होने का असर भगवा पार्टी पर पड़ेगा या नहीं, यह वक्त तय करेगा, मगर अभी एनडीए कुनबे के लिए यह अच्छी खबर नहीं है। बीते कुछ समय में एक-एक करके एनडीए के कई दल गठबंधन से अलग हो चुके हैं। लोकसभा चुनाव 2014 से पहले भारतीय जनता पार्टी की अगुआई वाले एनडीए यानी नेशनल डेमोक्रेटिक अलायंस में छोटी-बड़ी कुल 24 पार्टियां थीं। लेकिन जैसे ही भारतीय जनता पार्टी ने गुजरात के तत्कालीन मुख्यमंत्री नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार घोषित किया एनडीए में पहली दरार आ गई। सबसे पहले बिहार के तत्कालीन मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ही एनडीए छोड़कर अलग हो गए। इसके बाद भाजपा ने गठबंधन के 23 दलों के साथ मिलकर चुनाव लड़ा और रिकॉर्ड जीत हासिल की। नरेंद्र मोदी मुख्यमंत्री बने और यहीं से भाजपा का नए सिरे से उदय होने लगा, जबकि एनडीए सिकुडने लगा। एनडीए से गठबंधन के दलों के जाने का सिलसिला 2014 लोकसभा चुनाव में जीत के बाद ही शुरू हो गया था। सबसे पहले हरियाणा जनहित कांग्रेस ने एनडीए का दामन छोड़ा। पार्टी नेता कुलदीप बिश्नोई ने लोकसभा चुनाव के कुछ महीने बाद और हरियाणा विधानसभा चुनाव से ठीक पहले एनडीए से अलग हो गए। बिश्नोई ने भाजपा पर क्षेत्रीय पार्टियों को खत्म करने का आरोप लगाया था। इसी साल तमिलनाडु की मरूमलारछी द्रविड़ मुनेत्र कषगम ने भी एनडीए छोड़ दिया। इस पार्टी ने बीजेपी पर तमिलों के खिलाफ काम करने का आरोप लगाया था। तेलुगु सुपरस्टार पवन कल्याण ने 2014 लोकसभा चुनाव में एनडीए के लिए जमकर चुनाव प्रचार किया था, लेकिन वह भी ज्यादा दिन एनडीए में नहीं रह सके और उनकी जन सेना पार्टी भी गठबंधन से अलग हो गई। 2016 में ही केरल की रेवॉल्यूशनरी सोशलिस्ट पार्टी ने भी एनडीए छोड़ दिया। इसी साल ट्राइबल लीडर सीके जनु



की पार्टी जनाधिपत्य राष्ट्रीय सभा ने भी एनडीए से नाता तोड़ लिया। 2017 में महाराष्ट्र की सहयोगी पार्टी स्वाभिमान पक्ष ने एनडीए से अलग होने का एलान किया। 2018 में बिहार की सहयोगी दल दल हिंदुस्तान अवाम मोर्चा ने खुद को एनडीए से अलग कर लिया। हालांकि, बाद में वह फिर से एनडीए का हिस्सा बने और 2020 में जब भाजपा-जदयू की सरकार बनी तो मांझी भी उसमें शामिल हुए। नगालैंड में बीजेपी ने नगा पीपुल्स फ्रंट के साथ 15 साल पुराना गठबंधन तोड़ दिया था। बाद में भाजपा ने नेशनलिस्ट डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव पार्टी के साथ अलायंस करके नगालैंड की सत्ता हासिल कर ली। हालांकि, अब ये दोनों पार्टियां एनडीए का हिस्सा हैं। मार्च 2018 में तेलुगु देशम पार्टी के प्रमुख चंद्रबाबू नायडू ने एनडीए का साथ छोड़ दिया। वह आंध्र के लिए विशेष राज्य का दर्जा मांग रहे थे, जो उन्हें नहीं मिला और वह अलग हो गए। टीडीपी के बाद पश्चिम बंगाल में गोरखा जनमुक्ति मोर्चा ने एनडीए से समर्थन वापस ले लिया। इसके बाद कर्नाटक प्रज्ञानवंथा जनता पार्टी ने भी एनडीए से नाता तोड़ लिया। दिसंबर 2018 में राष्ट्रीय लोक समता पार्टी यानी रालोसपा ने एनडीए को छोड़ दिया। इसके अलावा मुकेश साहनी की विकासशील इंसान पार्टी भी एनडीए से अलग होकर लालू यादव के साथ महागठबंधन चली गई थी। हालांकि, बाद में ये दोनों वापस एनडीए में आ गए थे। अब नीतीश कुमार के साथ फिर इनके महागठबंधन में जाने की खबर है। 2018 में ही जम्मू-कश्मीर में महबूबा मुफ्ती की पार्टी पीडीपी के साथ भी भाजपा का गठबंधन टूट गया था। इस तरह से पीडीपी भी एनडीए से बाहर हो गई। फिर शिवसेना, अकाली दल, राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी भी साथ छोड़ गए 2019 के बाद भी तेजी से एनडीए के घटक दलों का जाना लगा रहा। सबसे पहले शिवसेना फिर शिरोमणि अकाली दल, राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी ने भी एनडीए का साथ छोड़ दिया। अभी एनडीए में भाजपा के अलावा शिवसेना बागी गुट, एआईएडीएमके, लोक जनशक्ति पार्टी, अपना दल (सोनेलाल), एनपीपी, एनडीपीपी, एसकेएम, एमएनएफ, एनपीएफ, एजेएसयू, रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (अठावले), एजीपी, पीएमके, तमिल मनीला कांग्रेस, यूपीपीएल, अजासू और एआईएनआरसी शामिल हैं। इनमें से ज्यादातर नॉर्थ ईस्ट की पार्टियां हैं। अब नीतीश के अलग होने के बाद कहा जा रहा है कि राजनीति में कुछ भी बिना कारण नहीं होता। यहां हर कदम का एक विशेष राजनीतिक अर्थ होता है, जिसके जरिए लोगों के बीच विशेष संदेश देने की कोशिश की जाती है। इस नजरिये से देखें तो नीतीश कुमार ने बेहद सधे तरीके से काफी पहले ही यह संदेश देना शुरू कर दिया था कि भाजपा के साथ उनकी राजनीतिक पारी के अंत का समय करीब आ चुका है। आरजेडी की इफ्तार पार्टी पर पहुंचकर नीतीश कुमार ने जो सियासी बदलाव का संकेत दिया था, आज मुहर्रम के दिन वह अपनी मंजिल पर पहुंच चुका है। राजनीतिक पंडित मानते हैं कि 'इफ्तार' और 'मुहर्रम' का दिन कोई संयोगमात्र नहीं है, बल्कि यह बहुत सोच-समझकर किया गया एक फैसला था। इसके जरिए प्रदेश में एक बार फिर 'सेक्युलर राजनीति' की वापसी के संदेश दिए गए हैं।

## आपदा

# भूस्खलन व बाढ़ का बेहतर नियंत्रण जरूरी

भारत डोगरा

जलवायु बदलाव के इस दौर में आपदा नियंत्रण पर समुचित ध्यान देना जरूरी हो गया है।

इस समय राष्ट्रीय स्तर पर बाढ़ और भूस्खलन की आपदाएं विशेष चर्चा में हैं, हालांकि देश के कुछ क्षेत्र अभी मानसूनी वर्षा की कमी से भी प्रभावित हैं।

पर्वतीय क्षेत्र विशेषकर हिमालय क्षेत्र में भूस्खलन की समस्या विकट होती जा रही है। ऐसे संकेत विश्व स्तर पर भी मिल रहे हैं। विज्ञान पत्रिका 'ज्योलोजी' ने हाल में उपलब्ध जानकारी के आधार पर दावा किया है कि विश्व में भू-स्खलन के कारण होने वाली मौतों की संख्या वास्तव में पहले के अनुमानों की उपेक्षा दस गुणा अधिक है। यह 'डरहम फेटल लैंडस्लाइड डेटाबेस' के आधार पर कहा गया है। जानकारियों के इस कोष को ब्रिटेन के डरहम विवविद्यालय के अनुसंधानकर्त्ताओं ने तैयार किया है। इस अनुसंधान का भारतीय संदर्भ में महत्त्व स्पष्ट है क्योंकि हाल के वर्षो में भूस्खलनों से होने वाली भीषण क्षति के समाचार बढ़ते जा रहे हैं।

ध्यान देना जरूरी है कि पर्वतीय क्षेत्र में किन मानवीय कारणों व गलतियों से भू-स्खलन के कारण होने वाली क्षति बढ़ी है। एक वजह यह है कि निर्माण कार्यों विशेषकर बांध निर्माण तथा खनन के लिए पर्वतीय क्षेत्रों में विस्फोटकों का अंधाधुंध उपयोग किया गया है। वन-विनाश भी भू-स्खलन का अन्य कारण है। भू-स्खलन अचानक बाढ़ का कारण भी बनते हैं। हिमालय में किसी नदी का बहाव भू-स्खलन के मलबे के कारण रुक जाता है तो इससे कृत्रिम अस्थायी झील बनने लगती है। पानी का वेग अधिक होने से जब झील फूटती है तो पलयकारी बाढ़ आ सकती है, जैसा कनोडिया गाड में झील बनने के कारण उत्तरकाशी में बाढ़ आई थी। हाल में नेपाल में ऐसी झील टूटने पर बिहार में बाढ़ आई है।

बाढ़ व बाढ़-नियंत्रण के बारे में नये सिरे से सोचने की जरूरत महसूस की जा रही है। वास्तविकता तो यह है कि बाढ़ का बढ़ता क्षेत्र और इसकी बढ़ती जानलेवा क्षमता को तभी समझा जा सकता है जब बाढ़ नियंत्रण के दो मुख्य उपायों- तटबंधों और बंधों पर खुली बहस के जरिए जानने का प्रयास किया जाए कि अनेक स्थानों पर क्या बाढ़ नियंत्रण के इन उपायों ने ही बाढ़ की समस्या को नहीं बढ़ाया है, और उसे अधिक जानलेवा बनाया है?



तटबंधों की बाढ़ नियंत्रण उपाय के रूप में एक तो अपनी सीमाएं हैं तथा दूसरे निर्माण कार्य और रख-रखाव में लापरवाही और भ्रष्टाचार के कारण हमने इनसे जुड़ी समस्याओं को भी बढ़ा दिया है। तटबंध द्वारा नदियों को बांधने की एक सीमा तो यह है कि जहां कुछ बस्तियों को बाढ़ से सुरक्षा मिलती है, वहां कुछ अन्य बस्तियों के लिए बाढ़ का संकट बढ़ने की संभावना भी पैदा होती है। अधिक गाद लाने वाली नदियों को तटबंध से बांधने में एक समस्या यह भी है कि नदियों के उठते स्तर के साथ तटबंध को भी निरंतर ऊंचा करना पड़ता है। जो आबादियां तटबंध और नदी के बीच फंस कर रह जाती हैं, उनकी दुर्गति के बारे में तो जितना कहा जाए कम है। तटबंधों द्वारा जिन बस्तियों को सुरक्षा देने का वादा किया जाता है, उनमें भी बाढ़ की समस्या बढ़ सकती है। वर्षा के पानी के नदी में मिलने का मार्ग अवरुद्ध कर दिया जाए और तटबंध में इस पानी के नदी तक पहुंचने की पर्याप्त व्यवस्था न हो तो दलदलीकरण और बाढ़ की नई समस्या उत्पन्न हो सकती है। यदि नियंत्रित निकासी के लिए जो कार्य करना था उसकी जगह छोड़ दी गई है पर लापरवाही से कार्य पूरा नहीं हुआ है, तो भी यहां से बाढ़ का पानी बहुत वेग से आ सकता है। तटबंध द्वारा 'सुरक्षित' की गई आबादियों के लिए कठिन स्थिति तब उत्पन्न होती है जब निर्माण कार्य या रख-रखाव उचित न होने के कारण तटबंध टूट जाते हैं। अचानक पानी उनकी बस्तियों में घुस जाता है।

बांध या डैम निर्माण बांध प्रायः सिंचाई और पनबिजली उत्पादन के लिए बनाए जाते हैं। यह भी कहा जाता है कि उनसे बाढ़ नियंत्रण का महत्त्वपूर्ण लाभ प्राप्त होगा। यह लाभ तभी प्राप्त हो सकता है जब अधिक वष्रा के समय बांध के जलाशय में पर्याप्त जल रोका जा सके और बाद में उसे नियंत्रित ढंग से छोड़ा जा सके। पहाड़ों में जो वन विनाश और भू-कटाव हुआ है उससे जलाशयों में मिट्टी-गाद भर गई है और जल रोकने की क्षमता कम हो गई है। इसी कारण तेज वष्रा के दिनों में पानी भी अधिक होता है क्योंकि वष्रा के बहते जल का वेग कम करने वाले पेड़ कट चुके हैं। बांध के संचालन में सिंचाई और पनबिजली के लिए जलाशय को अधिक भरने का दबाव होता है।

दूसरी ओर वर्षा के दिनों में बाढ़ से बचाव के लिए जरूरी होता है कि जलाशय को कुछ खाली रखा जाए। दूसरे शब्दों में बांध के जलाशय का उपयोग बाढ़ बचाव के लिए करना है तो पनबिजली के उपयोग को कुछ कम करना होगा। ऐसा नहीं होता है तो जलाशय में बाढ़ के पानी को रोकने की क्षमता नहीं रहती। ऐसे में पानी वेग से एक साथ छोड़ना पड़ता है जो भयंकर विनाश उत्पन्न कर सकता है। कोई बड़ा बांध टूट जाए तब तो खैर, पलय ही आ जाती है जैसा मच्छू बांध टूटने पर मोरवी शहर के तहस-नहस होने के समय देखा गया। पर बांध बचाने के लिए जब बहुत सा पानी एक साथ छोड़ा जाता है, उससे जो बाढ़ उत्पन्न होती है, वह भी सामान्य बाढ़ की अपेक्षा कहीं अधिक विनाशक और जानलेवा होती है। अब आगे के लिए जो भी नियोजन हो, उसके लिए बाढ़ के इस बदलते रूप को ध्यान में रखना जरूरी है। तभी हमें बाढ़ नियंत्रण में अधिक सफलता मिलेगी।

## बानसूर उपखंड कार्यालय पर स्वतंत्रता दिवस को लेकर बैठक का आयोजन किया गया

**मरुधर हिन्द/ रमाकान्त शर्मा**

बानसूर एसडीएम राहुल सैनी ने 15 अगस्त 2022 स्वतंत्रता दिवस पर रक्तदान शिविर और हर घर तिरंगा अभियान सहित 12 अगस्त 2022 को होने वाले सामूहिक राष्ट्रगान की तैयारियों की समीक्षा को लेकर आज उपखंड कार्यालय पर ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों और निजी शिक्षण संस्थानों के संचालकों के साथ बैठक की। एसडीएम राहुल सैनी ने बताया कि स्वतंत्रता दिवस पर कार्यक्रम के पश्चात रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। वहीं 12 अगस्त को सभी सरकारी और निजी शिक्षण संस्थानों पर सामुहिक राष्ट्रगान कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। बैठक में स्वतंत्रता दिवस समारोह में सम्मानित किए जाने वाले कार्मिकों का अंतिम रूप से चयन करने को लेकर ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों से चर्चा की। इस दौरान बैठक में तहसीलदार जगदीश बैरवा ,विकास अधिकारी, बीसीएमओ डा. मनोज यादव, एसीबीओ मनोज सिंह शेखावत सहित निजी शिक्षण संस्थानों के संचालक और उपखण्ड कार्यालय के कार्मिक उपस्थित रहे।



## द हंस स्कूल, बानसूर में राखी बनाओं प्रतियोगिता आयोजित की गई



मरुधर हिन्द/ रमाकान्त शर्मा

**बानसूर** - बुधवार को द हंस विद्यालय प्रांगण में रक्षाबंधन के उपलक्ष्य में राखी बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा प्रथम से कक्षा दसवीं तक के विद्यार्थियों ने एक से बढ़कर एक सुंदर राखियां बनाई। तिरंगे रंग से बनाई गई राखियां आकर्षण का केंद्र रही। रंगीन धागों, मोतियों, कागजों, रबरबैंड, रूई, बीज, दाल, चावल सहित विभिन्न सामग्रियों का उपयोग किया गया। निदेशक पंकज बंसल जी ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिता से एक तरफ जहाँ विद्यार्थियों के अंदर छिपी प्रतिभा खुलकर सामने आती है, वहीं दूसरी तरफ रीति रिवाज, तीज त्यौहारों की संस्कृति को बल मिलता है। इसके अतिरिक्त उन्होंने कहा कि भारत विभिन्न त्यौहारों का देश है जिसके द्वारा यहां रहने वाले लोगों के बीच प्रेम भाव बढ़ता है और इसी तरह लोगों को उत्साह के साथ इन त्यौहारों को मनाना चाहिए। 75वें अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में एस. डी. एम कार्यालय द्वारा आयोजित रैली में भी विद्यार्थियों ने भाग लिया ।

## प्रदीप भेड़ी निंभोर को अंतर्राष्ट्रीय हिंदू सेना का जिला उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया



**बहरोड़** उपखंड के गांव निम्भोर निवासी प्रदीप भेड़ी को प्रदेश अध्यक्ष अनिल यादव की अनुशंसा पर अलवर जिले का अंतरराष्ट्रीय हिन्दू सेना का जिला उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया । इस अवसर पर प्रदीप भेड़ी ने यह कहा कि वह अपने संगठन के दायित्व का कर्तव्यनिष्ठा से पालन करेगा । इस दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष जे पी गुर्जर , मिडिया प्रभारी सोनू सैनी, जिला उपाध्यक्ष विक्की ज्योतिषी ,जिला मीडिया प्रभारी भूपेश चौधरी ,प्रदेश सह संयोजक संजय चौधरी तथा तहसील प्रभारी राहुल गदोज व अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे ।

## राठ इंटरनेशनल स्कूल में आजादी के अमृत महोत्सव के तहत तिरंगा रैली का आयोजन किया गया




मरुधर हिन्द/रमाकान्त शर्मा

**बहरोड़** क्षेत्र के राठ इंटरनेशनल स्कूल में आजादी के अमृत महोत्सव के तहत तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। संस्था प्रधान बलवान सिंह यादव ने हरी झंडी दिखाकर तिरंगा रैली को रवाना किया जिसमें विद्यार्थियों ने 2 किलोमीटर तक का सफर तय किया। तिरंगा रैली में देशभक्ति गीतों ने विद्यार्थियों को राष्ट्र भक्ति की भावना और भरपूर जोश से भर दिया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने मानव श्रृंखला द्वारा भारत का मानचित्र एवं राष्ट्र ध्वज तिरंगा भी बनाया। तिरंगा रैली, मानव श्रंखला द्वारा निर्मित मानचित्र एवं राष्ट्र ध्वज तिरंगे का कवरेज ड्रोन कैमरे से किया गया। संस्था प्रधान बलवान सिंह यादव ने सामूहिक भागीदारी के साथ हर घर तिरंगा कार्यक्रम को सफल बनाने का आह्वान किया और कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में शुरू हुए इस अभियान को लेकर लोगों के दिलो-दिमाग में जोश और उत्साह नजर आ रहा है। स्वतंत्रता के 75वें वर्ष में एक राष्ट्र के रूप में ध्वज को सामूहिक रूप से घर लाना न केवल तिरंगे से व्यक्तिगत संबंध का एक कार्य है, बल्कि राष्ट्र-निर्माण के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का प्रतीक भी बन जाता है। प्राचार्य के पी बर्वे ने कहा कि इस तिरंगा रैली का उद्देश्य सभी के दिलों में देशभक्ति की भावना जगाना और राष्ट्रीय ध्वज के बारे में जागरूकता को बढ़ावा देना है। वाइस प्रिंसिपल कुसुम यादव ने रैली को सफल बनाने के लिए सभी प्रतिभागियों का धन्यवाद किया। इस अवसर पर कोऑर्डिनेटर मीना यादव, अजय यादव, नंदिनी, शशिकांत गर्ग, आशीष, मोतीलाल, शालिनी, देशराज, दीपक, प्रवीण, मनपाल तथा समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# शिक्षकों के स्थानांतरण शीघ्र करने की मांग को लेकर एसडीएम को ज्ञापन दिया

### शिक्षक आन्दोलन का क़दम उठाने को विवश

**कुशलगढ़ से अरुण जोशी की रिपोर्ट**

**कुशलगढ़।** राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय उपशाखा कुशलगढ़ द्वारा तृतीय श्रेणी एवं द्वितीय श्रेणी शिक्षकों तथा प्रबोधको के स्थानांतरण नहीं किए जाने को लेकर उपखंड अधिकारी कुशलगढ़ के माध्यम से मुख्यमंत्री एवं शिक्षा मंत्री महोदय को ज्ञापन देकर शिक्षकों की अन्तर्मन की भावना प्रकट की।कुशलगढ़ उपशाखा अध्यक्ष पृथ्वीसिंह पड़वाल एवं मन्त्री कन्हैयालाल निनामा ने बताया कि जिला उपसभाध्यक्ष वरसिह मुनिया एवं वरिष्ठ कार्यकर्ता दिग्पाल सिंह राठौड़ तथा उपशाखा महिला मंत्री दिव्या पंड्या के नेतृत्व में प्रेदेश स्थाई समिति के निर्णय अनुसार आज 10 अगस्त 2022 को पूरे राजस्थान के सभी उपखंडो पर प्रेदेश भर के तृतीय श्रेणी, द्वितीय श्रेणी शिक्षकों एवं प्रबोधको के राज्य सरकार द्वारा स्थानांतरण नहीं किए जाने से व्याप्त आक्रोश को ज्ञापन के माध्यम से मुख्यमंत्री एवं शिक्षा मंत्री महोदय को अवगत कराया कि शिक्षकों में स्थानांतरण नहीं किए जाने से जबरदस्त रोष व्याप्त है। गत वर्षो में शिक्षको से ओनलाइन आवेदन मांगे जाने से शिक्षकों में स्थानांतरण की आश जगी थी मगर अफसोस ,शिक्षा मंत्री महोदय ने पिछले दिनों कहा था कि रीट की परीक्षा के पश्चात स्थानांतरण किए जाएंगे। विशेष कर नोन टीएसपी के शिक्षकों को लगने लगा था कि जनहितकारी सरकार ज़रुर स्थानांतरण करेगी। जो शिक्षक वषों से अपने गृह जिले से बाहर सेवा दे रहे हैं वे आज निराशा में डूबे हुए हैं। आने वाला दिनों में जनगणना कार्य भी प्रारंभ होना है जो लगभग एक वर्ष तक चल सकता है ,उसके पश्चात मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम जारी किया जाने की सम्भावना है और उसके पश्चात चुनाव ऐसे में आगामी दिनों में स्थानांतरण होने ही नहीं है। अभी स्थानांतरण के लिए समय अनुकूल है न कोई परीक्षा प्रभावित हो रही है न कोई विशेष राजकीय कार्य ।

ऐसे समय भी सरकार स्थानान्तरण नहीं करती तो कब करेंगी।प्रशासनिक अधिकारियों , प्रिंसिपल आदि के धलड़ेसे स्थानांतरण किए जा रहे हैं। मगर न तृतीय श्रेणी शिक्षकों के जिला स्थानांतरण किए जा रहे हैं। न टीएसपी ओर नोन टीएसपी क्षेत्र में आखीर सरकार चाहती क्या है शिक्षकों से। आज शिक्षक अपने आप को ठगासा महसूस कर रहा है। यदि सरकार ने स्थानांतरण को लेकर उचित कदम नहीं उठाया तो शिक्षकों को आन्दोलन के अग्रीम कदम उठाने को मजबूर होना पड़ेगा।ज्ञापन देने वालों में अशोक जोशी,उरमल डिन्डोर,जगजीतसिंह तंवर,माधव लाल कटारा,दिव्या पंड्या, यग्नेश देसाई, भरतकुमार माधविया, महेश जैन,वरसिह मुनिया,जसवंतसिंह भरपोडा,पृथ्वीसिंह पड़वाल कन्हैयालाल निनामा,दिग्पाल सिंह राठौड़ आदि उपस्थित थे ।

# नंदनी कलाल मॉडलिंग और फैशन शो के क्षेत्र में वागड़ का नाम रोशन कर रही है

**कुशलगढ़ से अरुण जोशी की रिपोर्ट**



कुशलगढ़ की निवासी युवा प्रतिभाशाली नंदनी कलाल मॉडलिंग और फैशन शो के क्षेत्र में वागड़ का नाम रोशन कर रही है नंदिनी ने बताया है कि उन्होंने मॉडलिंगकी शुरुआत अप्रैल 2020 में आदर्श युवा मंडल के माध्यम से हुई इसमें भी काफी राउंड कठिन थे नंदिनी ने हारना मन कर मीस डिजिटल युथ कल्चर 2020 का खिताब अपने नाम किया जिसका श्रेय इन्होंने अपने माता पिता और आदर्श युवा मंडल के ऑर्गेनाइजर नयन व्यास को दिया है मिस डिजिटल यूथ कल्चर 2020 का खिताब इन्होंने 15 वर्ष की आयु में अपने नाम किया था इसी के बाद नयन व्यास ने उन्हें आगे बढ़ाने का मौका दिया और उन्हें 15 सितंबर 2021 में जयपुर भेजा जो कि मिस राजस्थान स्मार्ट एंड कॉन्फिडेंट 2021के शो में भाग लिया इस शो में टोटल 400 लोगों ने भाग लिया था जिसमें ऑडिशन क्लियर करके नंदनी फाइनल तक पहुंची और फाइनल में उन्होंने मिस राजस्थान बेस्ट रैंप वॉक का खिताब अपने नाम किया .. उसके बाद नंदिनी ने राष्ट्रीय स्तर पर अहमदाबाद में आयोजित प्राईड प्लाजा रिसोर्ट में सीजन फर्स्ट मिस इंडिया ग्लैम अप फैशन वाक 2022 अहमदाबाद गुजरात मैं 16 वर्ष की आयु में नंदिनी ने मिस कंजन लिटी का टाइटल अपने नाम किया था । नंदिनी ने पढ़ाई के साथ ही मॉडलिंग के क्षेत्र में अपनी रुचि दिखाई है। मिस इंडिया ग्लैम अप फैशन वाक 2022 सीजन 2 जोकि अहमदाबाद गुजरात के वात्रिका रिसोर्ट में राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित हुआ जो कि सफलतापूर्वक संपन्न हुआ इस शो के ऑर्गेनाइजर मिस केया वाजा और प्रोड्यूसर मित प्रजापति रहे इन्होंने शो ऑर्गेनाइज किया था इस शो में देश के हर प्रदेश से प्रतिभागी भाग लिए थे जिसमें राजस्थान से छोटे से गांव कुशलगढ़ की नंदिनी कलाल ने भाग लिया था नंदिनी ने बताया है कि प्रतियोगिता का हर राउंड काफी कठिन था इस प्रतियोगिता में देश भर से युवाओं ने भाग लिया था जिसमें राजस्थान छोटे से गांव कुशलगढ़ की नंदिनी कलाल ने मिस इंडिया ग्लैम अप फैशन वाक 2022 का यह खिताब अपने नाम किया। 12वीं पास होने के बाद नंदिनी अपना करियर बनाने के लिए अहमदाबाद शिफ्ट हो गई वह अभी एयर होस्टेस का कोर्स कर रही है। और उसी के साथ नंदिनी मॉडलिंग और फैशन शो भी करती है। यहां नंदनी को मिस इंडिया इंटरनेशनल 2019 केया वाजा का सानीधय मिला। जिन्होंने नंदनी को मॉडलिंग तकनीकी जानकारियों से अवगत कराते ग्रूमिंग लिया । कठिन संघर्ष एवं साधना के दौर में अहमदाबाद के ही पिंकम एंटरटेनमेंट के सियो मीट प्रजापति के शिक्षक ने पूरा सपोर्ट किया जिसकी बदौलत यह मुकाम हासिल कर पाई। नंदिनी का इंटरनेशनल लेवल पर सिलेक्शन हो गया है नंदिनी यही नहीं रुकेगी उसका अगला लक्ष्य इंटरनेशनल लेवल की विजेता बनना है अपने राजस्थान को रिप्रेजेंट करना है। उसके लिए वह ग्रूमिंग कर रही है। और उसने ग्लैम अप मॉडलिंग अकैडमी जॉइन किया है जिसकी सीईओ मिस इंडिया इंटरनेशनल 2019 केया वाजा जो उन्हें आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित कर रही है। और उसे इंटरनेशनल लेवल की तैयारी करा रही है। नंदिनी इन सब का श्रेय अपने माता-पिता और उसके मैम को देती है। नंदनी के माता-पिता उसे बहुत सपोर्ट करते हैं वह एक सपोर्ट फैमिली से है यह उसके लिए बहुत खुशी की बात है और वह अपने माता-पिता का नाम रोशन करेगी और अपने देश के लिए जरूर कुछ करेगी। बहुत सारे लोग मॉडलिंग की फील्ड को गलत ठहराते हैं परंतु नंदिनी ने सबकी सोच में बदलाव ला दिए हैं इतने सारे और टाइटल जीतकर और इंटरनेशनल लेवल पर सिलेक्शन हो कर और हाल ही हाल में अहमदाबाद में मिस इंडिया का खिताब जीत कर लोगों की भावना में बदलाव आ गए हैं। ये जानकारी नितेश बैरागी ने दी।

# अमृत महोत्सव के तहत संगीत सम्राट पं. विष्णु नारायण भातखण्डे के जन्म दिवस मनाया

**कुशलगढ़ से अरुण जोशी की रिपोर्ट**



**कुशलगढ़।** अमृत महोत्सव के तहत 10 अगस्त संगीत सम्राट पं. विष्णु नारायण भातखण्डे के जन्म दिवस के उपलक्ष में संस्कार भारती के अध्यक्ष ओमप्रकाश जेठवा ने पंडित जी के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए बताया कि आज जिस सहजता से हम शास्त्रीय संगीत सीख सकते हैं,उसे विकसित करने में पंडित विष्णु नारायण भातखंडे का अप्रतिम योगदान है। उनका जन्म 10 अगस्त, 1860 (जन्माष्टमी) को मुंबई में हुआ था। उनकी शिक्षा पहले मुंबई और फिर पुणे में हुई। वे व्यवसाय से वकील थे तथा मुंबई में सॉलिसीटर के रूप में उनकी पहचान थी। संगीत में रुचि होने के कारण छात्र जीवन में ही उन्होंने श्री वल्लभदास से सितार की शिक्षा ली। इसके बाद कंठ संगीत की शिक्षा श्री बेलबागकर, मियां अली हुसैन खान तथा विलायत हुसैन से प्राप्त की। पत्नी तथा बेटी की अकाल मृत्यु से वे जीवन के प्रति अनासक्त हो गये। उसके बाद अपना पूरा जीवन उन्होंने संगीत की साधना में ही समर्पित कर दिया। उन दिनों संगीत की पुस्तकें प्रचलित नहीं थीं। गुरु-शिष्य परम्परा के आधार पर ही लोग संगीत सीखते थे; पर पंडित जी इसे सर्वसुलभ बनाना चाहते थे। वे चाहते थे कि संगीत का कोई पाठ्यक्रम हो तथा इसके शास्त्रीय पक्ष के बारे में भी विद्यार्थी जानें। वे देश भर में संगीत के अनेक उस्तादों व गुरुओं से मिले; पर अधिकांश गुरू उनसे सहमत नहीं थे। अनेक संगीतज्ञ तो अपने राग तथा बंदिशें सबको सुनाते भी नहीं थे। कभी-कभी तो अपनी किसी विशेष बंदिश को वे केवल एक बार ही गाते थे, जिससे कोई उसकी नकल न कर ले। ध्वनिमुद्रण की तब कोई व्यवस्था नहीं थी। ऐसे में पंडित जी इन उस्तादों के कार्यक्रम में पर्दे के पीछे या मंच के नीचे छिपकर बैठते थे तथा स्वरलिपियां लिखते थे। इसके आधार पर बाद में उन्होंने अनेक ग्रन्थ लिखे। आज छात्रों को पुराने प्रसिद्ध गायकों की जो स्वरलिपियां उपलब्ध हैं, उनका बहुत बड़ा श्रेय पंडित भातखंडे को है। संगीत के एक अन्य महारथी पंडित विष्णु दिगम्बर पलुस्कर भी इनके समकालीन थे। ये दोनों 'द्विविष्णु' के नाम से विख्यात थे। जहां पंडित पलुस्कर का योगदान संगीत के क्रियात्मक पक्ष को उजागर करने में रहा, वहां पंडित भातखंडे क्रियात्मक और सैद्धांतिक दोनों पक्ष में सिद्धहस्त थे। देश की भावी पीढ़ी को संगीत सीखना सुलभ हो सके, इसके लिए पंडित जी ने हिन्दुस्तानी संगीत तथा कर्नाटक संगीत पद्धति का गहन अध्ययन कर 'स्वर मालिका' नामक पुस्तक लिखी। रागों की पहचान सुलभता से हो सके, इसके लिए 'थाट' को आधार माना। इसी प्रकार कर्नाटक संगीत शैली के आधार पर 'लक्षण गीतों' का गायन प्रारम्भ किया। पंडित जी ने अनेक संगीत विद्यालय प्रारम्भ किये। वे चाहते थे कि संगीत की शिक्षा को एक सुव्यवस्थित स्वरूप मिले। उनकी प्रतिभा को पहचान कर बड़ौदा नरेश ने 1916 में अपनी रियासत में संगीत विद्यालय स्थापित किया। इसके बाद ग्वालियर महाराजा ने भी इसकी अनुमति दी, जो आज 'माधव संगीत महाविद्यालय' के नाम से विख्यात है। 1926 में उन्होंने लखनऊ में एक विद्यालय खोला, जिसका नाम अब 'भातखंडे संगीत विद्यालय' है। पंडित जी द्वारा बनाये गये पाठ्यक्रम को पूरे भारत में आज भी मान्यता प्राप्त है।संगीत से सामान्य जनता को जोड़ने के लिए उन्होंने 'अखिल भारतीय संगीत सम्मेलन' प्रारम्भ किये। इसमें कोई भी अपनी कला का प्रदर्शन कर सकता था। इससे कई पीढ़ी के संगीतज्ञों को एक साथ मंच पर आने का अवसर मिला। 1933 में उनके पांव की हड्डी टूट गयी। इसके बाद उन्हें पक्षाघात भी हो गया। तीन वर्ष तक वे बीमारी से संघर्ष करते रहे; पर अंततः सृष्टि के अटल विधान की जीत हुई और पंडित जी का 19 सितम्बर 1936 (गणेश चतुर्थी) को देहांत हो गया। उनकी स्मृति में 1961 में उनके जन्म दिवस (जन्माष्टमी) पर भारत सरकार ने एक डाक टिकट जारी किया।

## डॉक्टर जी एस नरूका ने शहर कोतवाल को तिरंगा देकर आजादी की गौरव यात्रा पर किया सम्मानित

**मरूधर विशेष**



**अलवर। दिनेश लेखी।** आजादी के 75 वीं गौरव यात्रा को लेकर घर घर तिरंगा लेकर शहर कोतवाली अलवर के नवनियुक्त एसएचओ राजेश शर्मा को तिरंगा भेंट किया। डॉक्टर जी एस नरूका पार्षद नगर पालिका एवं जिला महामंत्री जिला कांग्रेस कमेटी अलवर प्रभारी राजस्थान प्रदेश कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष श्री राजपूत सभा ने बताया कि शहर कोतवाली अलवर के कोतवाल को ऑफिस में तिरंगा देकर आजादी की गौरव यात्रा पर सम्मानित किया। क्योंकि राजेश शर्मा सीआई पहले भी शहर कोतवाल थे यहां से उनका ट्रांसफर अलवर ग्रामीण के सदर थाना में किया गया था। जिला पुलिस अधीक्षक महोदया तेजस्विनी गौतम ने साफ-सुथरी छवि इमानदार कर्तव्य के प्रति निष्ठावान चुस्ती और फुर्ती से कार्य करने वाले राजेश शर्मा को शहर कोतवाल अलवर लगाया है।नरूका ने जिला पुलिस अधीक्षक महोदय तेजस्विनी आभार प्रकट किया।

## बहन ने भाई के हाथ पर रक्षा सूत्र बांधा और भाई ने भी बहन की रक्षा करने का संकल्प लिया

**कुशलगढ़ से अरुण जोशी की रिपोर्ट**



कुशलगढ़आज दिनांक 10/08/2022 बुधवार को न्यू बाल विद्या भवन उच्च प्राथमिक विद्यालय बायपास रोड कुशलगढ़ में रक्षाबंधन उत्सव का आयोजन संस्था प्रधान तेजपाल सिंह जादव की अध्यक्षता में किया गया। इस अवसर पर छात्राओं ने छात्रों को रक्षा सूत्र (राखी) बांधकर उत्सव की शुरुआत की, बहन ने भाई के हाथ पर रक्षा सूत्र बांधा और भाई ने भी बहन की रक्षा करने का संकल्प लिया।इस अवसर पर संस्था प्रधान तेजपाल सिंह जादव ने कहा कि रक्षाबंधन भाई और बहन के प्रेम और स्नेह का त्यौहार है और भाईचारे का प्रतीक है और सभी को रक्षाबंधन पर्व की शुभकामना संस्था प्रधान ने दी।इस अवसर पर विद्यालय स्टाफ ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर धुलसिंह दामा, राजेंद्र प्रजापत, मनीष घोती, महेश खड़िया, दिव्या सेन, कमरुनिशा मकरानी, मोनिका प्रजापत,तनीषा प्रजापत, सुशीला डामोर आदि विद्यालय स्टाफ उपस्थित था।कार्यक्रम का संचालन नरसिंह देवदा ने किया। ये जानकारी संस्था प्रधान तेजपाल सिंह जादव ने दी।

## भाजपा एससी मोर्चा ने किया तिरंगा प्रभात फेरी का आयोजन




मरूधर विशेष

**कठूमर। दिनेश लेखी** भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा अलवर दक्षिण के द्वारा बुधवार को आजादी के 75 वर्ष अमृत महोत्सव के तहत तिरंगा प्रभात फेरी का आयोजन जिला अध्यक्ष सीताराम किराड़ के नेतृत्व में किया गया। जिला महामंत्री त्रिलोक कोली ने बताया गोवर्धन मंदिर अंबेडकर सर्किल से प्रातः 6¬15 बज से आरंभ कर राम धुन, वंदे मातरम के नारे लगाते हुए स्कीम 1 ,प्रेम नगर 80 क्वार्टर , होते हुए वापस मंदिर प्रांगण में प्रभात फेरी का समापन किया गया।कार्यक्रम में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सोहनलाल सुलानिया ,मदन गोपाल, कार्यक्रम संयोजक किरण कुमार ,सह संयोजक विजय देवत वाल जिला उपाध्यक्ष रमेश जाटव, देवेंद्र रसगनिया ,गौरी शंकर जसोरिया ,विक्की वाल्मीकि, संदीप किराड ,रिंकू जाटव, आदि कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी सम्मिलित हुए।

## खंडेलवाल टी टी कॉलेज में स्टाफ को किया तिरंगा वितरण




मरूधर विशेष

**भरतपुर । दिनेश लेखी।** भरतपुर के खंडेलवाल शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर हर घर तिरंगा अभियान के तहत महाविद्यालय में कॉलेज के डायरेक्टर योगेंद्र खंडेलवाल के नेतृत्व में सभी महाविद्यालय स्टाफ को तिरंगा वितरण किया गया। खंडेलवाल ने बताया कि इस अवसर पर स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान पर प्रकाश डाला गया एवं कॉलेज प्राचार्य डॉ मधु खंडेलवाल ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर विशाल सिंह ,साधना सिंह, देवेंद्र सिंह, डॉ देवी सिंह, मनोज गिरीश ,छोटेलाल मन्सो, भोला आदि उपस्थित रहे।

# टी20 रैंकिंग में सूर्यकुमार दूसरे नंबर पर, अय्यर ऊपर बढ़े, बिश्नोई और कुलदीप को भी फायदा

**बर्मिंघम (एजेंसी)।**

दुबई। भारतीय बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव बुधवार को जारी ताजा आईसीसी टी20 रैंकंग में दूसरे स्थान पर बरकरार हैं जबकि हमवतन श्रेयस अय्यर दो पायदान के फायदे से 19वें स्थान पर पहुंच गये। पाकिस्तान के बाबर आजम बल्लेबाजी सूची में शीर्ष पर काबिज हैं और सूर्यकुमार यादव भारतीयों में सर्वश्रेष्ठ स्थान पर बने हुए हैं जिनके 805 अंक हैं। वेस्टइंडीज के खिलाफ हाल में समाप्त हुई श्रृंखला के अंतिम टी20 मुकाबले में 40 गेंद में 64 रन की पारी खेलने वाले अय्यर पहले चार मैचों में बड़ी पारी नहीं खेल सके थे। गेंदबाजों में स्पिनर रवि बिश्नोई और कुलदीप यादव को रैंकिंग में बड़ा फायदा हुआ है।

बिश्नोई (21 वर्ष) ने वेस्टइंडीज के खिलाफ टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के दो मैचों में छह विकेट झटके थे जिससे वह 50 पायदान की छलांग से 44वें स्थान पर पहुंच गये। वहीं कुलदीप ने अंतिम मैच में तीन विकेट चटकाये थे, उन्होंने 58 पायदान की छलांग लगायी जिससे वह 87वें नंबर पर काबिज होने में सफल रहे। हालांकि सीनियर तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार वेस्टइंडीज के खिलाफ अच्छे प्रदर्शन के बावजूद एक पायदान नीचे नौवें स्थान पर खिसक गये। दक्षिण अफ्रीका के रीजा हेंड्रिक्स को टी20 में काफी लाभ हुआ है, वह आयरलैंड पर श्रृंखला में 2-0 की जीत के दौरान 74 और 42 रन की पारी की बदौलत 13वें स्थान पर पहुंच गये।

दक्षिण अफ्रीका के स्पिनर केशव महाराज 10 पायदान के फायदे से गेंदबाजों की सूची में 18वें स्थान पर पहुंच गये जबकि दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज लुंगी एनगिडी (23वें नंबर) और न्यूजीलैंड के लॉकी फर्ग्यूसन (31वें नंबर) ने भी रैंकिंग में अपने स्थान में सुधार किया है। पाकिस्तानी कप्तान आजम टी20 में नंबर एक रैंकिंग के बल्लेबाज बने हुए हैं जबकि आस्ट्रेलिया के जोश हेजलवुड और अफगानिस्तान के मोहम्मद नबी क्रमशः गेंदबाजों और आल राउंडर की सूची में पहले स्थान पर काबिज हैं।



## शीर्ष अमेरिकी लॉन टेनिस खिलाड़ी सेरेना विलियम्स ने जताया संन्यास लेने का अंदेशा



**वॉशिंगटन। (एजेंसी)।**

अमेरिका की शीर्ष लॉन टेनिस खिलाड़ी और 23 बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन सेरेना विलियम्स ने मंगलवार को अपने संन्यास का अंदेशा देते हुए कहा कि उलटी गिनती शुरू हो गई है। विलियम्स ने इंस्टाग्राम पर कहा कि जिन्दगी में एक ऐसा समय आता है, जब हमें एक अलग दिशा में बढ़ने का फैसला करना होता है। वह समय हमेशा कठिन होता है जब आप किसी चीज से इतना प्यार करते हैं।

उन्होंने कहा कि मत पूछिए मैं टेनिस का कितना आनंद लेती हूं, लेकिन अब उलटी गिनती शुरू हो गई है। मुझे एक मां होने पर, अपने आध्यात्मिक लक्ष्यों पर और अंत में एक अलग, लेकिन सिर्फ रोमांचक सेरेना की खोज पर ध्यान केंद्रित करना है। मैं इन अगले कुछ हफ्तों का आनंद लेने वाली हूं।

अमेरिकी दिग्गज ने जून में विंबलडन में अपनी एकल वापसी करने से पहले चोट के कारण लंबे समय तक टेनिस नहीं खेला था जिसके बाद उनके सन्यास के बारे में अटकलें लगाई गईं। वह कहती हैं कि वह इस महीने के अंत में यूएस ओपन में खेलेंगी, जहां उन्होंने अपने 6 प्रमुख एकल खिताब जीते हैं। विलियम्स ने अपना आखिरी ग्रैंड स्लैम खिताब 2017 ऑस्ट्रेलियन ओपन में जीता था, जब वह बेटी ओलंपिया के साथ 8 सप्ताह की गर्भवती थीं। विलियम्स ने सोमवार को 14 महीनों में अपनी पहली एकल जीत दर्ज करते हुए टोरंटो में नेशनल बैंक ओपन में स्पेन की नुरिया पारिजास डियाज को हराकर दूसरे दौर में प्रवेश किया। वह ओपन युग में सर्वाधिक खिताब जीतने वाली महिला खिलाड़ी हैं। अगले महीने 41 साल की होने वाली विलियम्स ने 73 करियर एकल खिताब और 23 करियर युगल खिताब हैं।

## मुंबई इंडियंस ने घोषित की यूएई और दक्षिण अफ्रीका टी-20 लीग की अपनी टीमें

**मुंबई/दुबई/केप टाउन (एजेंसी)।**

रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड के स्वामित्व वाली मुंबई इंडियंस (एमआई) ने बुधवार को 'एमआई एमिरेट्स' और एमआई केप टाउन के रूप में दो नई फ्रेंचाइजी टीमों का अनावरण किया। रिलायंस ने बताया कि एमआई एमिरेट्स संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की अंतरराष्ट्रीय टी-20 लीग में खेलेगी, जबकि दक्षिण अफ्रीका की टी-20 लीग में खेलने वाली टीम का नाम एमआई केप टाउन होगा।

रिलायंस इंडस्ट्रीज की निदेशक नीता अंबानी ने कहा- मुझे एमआई एमिरेट्स और एमआई केप टाउन का स्वागत करते हुए बेहद खुशी हो रही है, यह हमारे मुंबई इंडियन्स परिवार के सबसे नए सदस्य हैं। हमारे लिए एमआई क्रिकेट से कहीं अधिक है। यह सपने देखने, निडर होने और जीवन में सकारात्मक दृष्टिकोण को बढ़ावा देने की क्षमता का प्रतीक है। मुझे यकीन है कि एमआई एमिरेट्स और एमआई केप टाउन दोनों समान मूल्यों को अपनाएंगे और एमआई की वैश्विक क्रिकेट विरासत को और भी अधिक ऊंचाइयों तक ले जाएंगे!

## लंका प्रीमियर लीग 6 दिसंबर से, इस टीम का अब तक रहा है दबदबा

**कोलंबो (एजेंसी)।**

पूर्व में स्थगित की गई लंका प्रीमियर लीग (एलपीएल) अब छह से 23 दिसंबर तक आयोजित की जाएगी। आयोजकों ने यह घोषणा की। इस टी-20 लीग का आयोजन पहले एक अगस्त से 21 अगस्त तक होना था लेकिन श्रीलंका में वित्तीय संकट के कारण इसको पिछले महीने स्थगित कर दिया गया था। एलपीएल टूर्नामेंट के आयोजक समांता डोडनवेला ने कहा कि मुझे यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि लंका प्रीमियर लीग का आयोजन छह से 23 दिसंबर के बीच किया जाएगा। लीग के प्रमोटर आईपीजी ने भी ट्विटर पर इस खबर की पुष्टि की। श्रीलंका ने आर्थिक संकट और राजनीतिक अस्थिरता के बावजूद जुलाई में आस्ट्रेलिया की सफल मेजबानी की थी। उसे एशिया कप की मेजबानी भी करनी थी लेकिन अब इसे 27 अगस्त से 11 सितंबर तक संयुक्त अरब अमीरात में आयोजित किया जाएगा। श्रीलंका प्रीमियर लीग के अब तक दो सीजन हुए हैं। 2020 सीजन में जाफना स्टैलियंस ने गाले ग्लेडिएटर्स को हराकर खिताब जीता था तो 2021 में जाफना किंग्स ने गाले ग्लेडिएटर्स को हराकर खिताब जीता। टूर्नामेंट में कुल 5 टीमें हिस्सा लेती हैं। दानुष्का गुणाथिलके सबसे ज्यादा 702 रन बनाने वाले प्लेयर हैं तो वानिंदु हसरंगा सबसे ज्यादा 28 विकेट निकाल चुके हैं।

## शाहीन से मुकाबले के लिए तैयार रहें भारतीय बल्लेबाजः कनेरिया

**लाहौर (एजेंसी)।**

पाकिस्तान के पूर्व स्पिनर दानिश कनेरिया ने कहा है कि एशिया कप क्रिकेट मुकाबले में भारतीय बल्लेबाजों को पाक तेज गेंदबाज शाहीन अफरीदी से डरने की जरूरत नहीं है। कनेरिया ने कहा है कि भारतीय टीम के पास रोहित शर्मा और विराट कोहली जैसे बल्लेबाज हैं। उन्हें बस इस बात की जानकारी होनी चाहिए कि शाहीन फुलर गेंदबाजी करने और गेंद को स्विंग कराने के लिए देखेगा। इसलिए उन्हें इसके लिए तैयार रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारतीय बल्लेबाजों को इस तरह की गेंद को शरीर के नजदीक से खेलना होगा। सूर्यकुमार यादव के स्क्वायर लेग पर फ्लिक शॉट भी शाहीन की गेंदबाजी को बेकार कर सकते हैं। अन्य बल्लेबाजों को भी उनसे सीखने की जरूरत है। बल्लेबाज बाएं हाथ के गेंदबाजों के खिलाफ थोड़ा परेशान जरूर दिखे हैं। पिछले दिनों इंग्लैंड के रिसी टॉपली और वेस्टइंडीज के ओबेड मैकॉय ने भी उन्हें काफी परेशान किया।

गौरतलब है कि एशिया कप दूसरी बार टी20 प्रारुप में खेला जा रहा है। अक्टूबर-नवंबर में होने वाले टी20 विश्व कप को देखते हुए यह टूर्नामेंट अहम है। टी20 एशिया कप 27 अगस्त से यूएई में होना है। इस टूर्नामेंट के मेन राउंड में कुल 6 टीमें उतर रही हैं। भारत और पाक के बीच 28 अगस्त को दुबई में ग्रुप राउंड का मुकाबला खेला जाना है।पिछले साल यूएई में हुए टी20 वर्ल्ड कप के बाद पहली बार दोनों टीमें किसी इंटरनेशनल मुकाबले में आमने-सामने होंगी।

## रूडी अपनी पीढ़ी के सर्वश्रेष्ठ अंपायरों में से एक थे : आईसीसी

**दुबई।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने पूर्व अंतरराष्ट्रीय अंपायर रूडी कर्टजन के निधन पर दुख जताया है। कर्टजन दक्षिण अफ्रीका में एक कार हादसे का शिकार हुए थे। उन्होंने 1992 से 2010 के बीच 331 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैचों में अंपायरिंग की थी। आईसीसी के मुख्य कार्यकारी ज्योफ एलार्डिस ने कहा, ''रूडी अपनी पीढ़ी के सर्वश्रेष्ठ अंपायरों में से थे और खिलाड़ी उनका बहुत सम्मान करते थे। उन्होंने करीब दो दशकों तक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अंपायरिंग की और आईसीसी ने इस अवधि के दौरान कुछ बड़े मैचों के लिए उन पर भरोसा दिखाया।'' उन्होंने कहा, ''रूडी अपने समकालीन खिलाड़ियों और अंपायरों में बेहद लोकप्रिय थे और हमेशा मदद के लिए तैयार रहते थे। क्रिकेट में उनका योगदान आने वाले कई वर्षों तक याद किया जाएगा। हम उनके दुखद निधन पर उनके परिवार और दोस्तों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हैं।''

## अजहरुद्दीन ने महिला टीम की बल्लेबाजी को बताया बकवास, फैन्स ने लगा दी क्लास

**नई दिल्ली ।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम बर्मिंघम में कॉमनवेल्थ गेम्स 2022 के क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल में ऑस्ट्रेलिया से हार गई। इसके बाद भारत को अपने पहले सिल्वर मेडल के साथ ही संतोष करना पड़ा। कप्तान हरमनप्रीत कौर ने 65 रन बनाए, लेकिन उनकी यह शानदार पारी टीम को जीता नहीं सकी। भारत को पहला सिल्वर मेडल दिलाने के लिए देशभर में टीम इंडिया की सराहना हुई, लेकिन इस बीच टीम इंडिया के पूर्व कप्तान मोहम्मद अजहरुद्दीन ने महिला टीम के बारे में कुछ ऐसा कह दिया है, जिसकी जमकर आलोचना हो रही है!



दरअसल भारत को गोल्ड जीतने के लिए 162 रन बनाने की जरूरत थी, लेकिन टीम 152 रनों पर ही आउट हो गई। सिर्फ कुछ रनों की कमी से टीम इंडिया एक बड़े टाइटल को जीतने से पीछे रह गई। महिला क्रिकेट टीम को उनके प्रयासों के लिए सिल्वर मेडल मिला। इसके बाद अजहरुद्दीन ने उनके प्रदर्शन के लिए टीम को ट्विटर पर फटकार लगाई, जिसके बाद उन्हें आलोचना का सामना करना पड़ रहा है। अजहरुद्दीन ने ट्वीट किया, भारतीय टीम की बकवास बल्लेबाजी. कोई कॉमन सेंस नहीं। एक जीती हुई बाजी को हाथ से जाने दिया। उनका ट्वीट कुछ ही समय में वायरल हो गया. फैन्स कॉमनवेल्थ गेम्स में महिला टीम के समर्थन में आए और अजहरुद्दीन को इस तरह का कमेंट करने के लिए जमकर लताड़ा। फैन्स ने उनकी कप्तानी के दिनों और उनके खराब परफॉर्मेंस की याद दिलाई।

# लंदन में फिर चैम्पियन बनी भवानी देवी, राष्ट्रमंडल तलवारबाजी चैम्पियनशिप में जीता गोल्ड

**लंदन (एजेंसी)।**

भारत की भवानी देवी ने यहां चल रही राष्ट्रमंडल तलवारबाजी चैम्पियनशिप में स्वर्ण पदक जीतकर अपने खिताब का अच्छी तरह से बचाव किया। विश्व में 42वें रैंकिंग की भारतीय तलवारबाज ने सीनियर महिला साबरे व्यक्तिगत वर्ग के फाइनल में मंगलवार को ऑस्ट्रेलिया की वेरोनिका वासिलेवा को 15-10 से हराया।

[illegible]क के लिए क्वालीफाई करने वाली पहली भारताय तलवारबाज बनने के बाद चेन्नई में जन्मी भवानी ने अपने खेल में लगातार प्रगति की है। उन्होंने इस्तांबुल में खेले गए विश्वकप से इस साल की शुरुआत की जिसमें वह 23वें स्थान पर रही। इसके बाद भवानी ने जुलाई में काहिरा में विश्व चैम्पियनशिप में हिस्सा लिया और दूसरे दौर तक पहुंचने में सफल रही। राष्ट्रमंडल तलवारबाजी चैम्पियनशिप इस साल उनका दसवां अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट है। अपनी जीत पर भवानी ने कहा- फाइनल बेहद कड़ा था और मैं इस साल भारत के लिए एक और स्वर्ण पदक जीतकर बेहद प्रसन्न हूं। मेरे लिए इस साल का सफर अभी तक बहुत अच्छा रहा है और मैं आगामी प्रतियोगिताओं में भी यही लय बरकरार रखना चाहती हूं। भारतीय तलवारबाजी संघ के महासचिव राजीव मेहता उन्हें देश में तलवारबाजी की मशालवाहक के रूप में देखते हैं। मेहता ने कहा कि वह भारत के प्रत्येक तलवारबाज के लिए प्रेरणा है और उसके कारण कई युवा इस खेल में वैश्विक स्तर पर अपनी छाप छोड़ने का सपना देखते हैं। इस स्वर्ण पदक से हमारा विश्वास बढ़ा है कि भारत में तलवारबाजी खेल आगे बढ़ रहा है।



## नाओमी ओसाका को कमर में लगी चोट, इस नामी टूर्नामेंट से हुई बाहर

**टोरंटो।** चार बार की ग्रैंडस्लैम चैम्पियन नाओमी ओसाका कमर की चोट के कारण नेशनल बैंक ओपन के पहले ही दौर से बाहर हो गई। उस समय वह एस्तोनिया की केइया कानेपी से 6.7, 0.3 से पीछे चल रही थी। इससे पहले पिछले 3 टूर्नामेंटों में वह पहले या दूसरे दौर में ही बाहर हो गई थी। फ्रेंच ओपन के बाद यह उनका पहला टूर्नामेंट था। कानेपी का सामना अब स्पेन की गार्बाइन मुगुरूजा से होगा। अन्य मैचों में कोको गॉ ने अमेरिका की ही मेडिसन ब्रेंगलेम को 6.1, 6.3 से हराया। वहीं चीन की झेंग किनवेन ने कनाडा की रेबेका मारिनो को 3.6, 7.6, 6.4 से मात दी। इटली की कामिला जियोर्जी ने नौवीं वरीयता प्राप्त इंग्लैंड की एम्मा राडूकानू को 7.6, 6.2 से हराया।



## जिम्बाब्वे दौरे में टीम इंडिया को मिलेगी कड़ी टक्कर

**मुबई (एजेंसी)।**

शिखर धवन की कप्तानी में भारतीय टीम 15 अगस्त को जिम्बाब्वे दौरे पर जाएगी। भारतीय टीम को इस दौरे में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन देने के लिए तैयार रहना चाहिये। उसे मेजबान टीम को हल्के में नहीं लेना होगा क्योंकि . बांग्लादेश के खिलाफ टीम ने शानदार खेल दिखाया है। जिम्बाब्वे के कप्तान रेगिस चकाब्वा अभी जबरदस्त लय में हैं। उन्होंने हाल ही में 14 साल के बाद अपने एकदिवसीय करियर का पहला शतक भी लगाया है। चकाब्वा ने अपने एकदिवसीय करियर की शुरुआत साल 2008 में केन्या के खिलाफ सीरीज से की थी पर उन्होंने शतक बांग्लादेश के खिलाफ 2022 में लगाया था। चकाब्वा ने बांग्लादेश के खिलाफ दुसरे एकदिवसीय मुकाबले में आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए केवल 75 गेंदों में 136 की स्ट्राइक रेट से 102 रन बनाये। इस दौरान उन्होंने 10 चौके एवं दो छक्के लगाये। चकाब्वा के क्रिकेट करियर के बारे में तो इन्होने जिम्बाब्वे के लिए टेस्ट क्रिकेट में 22 मैच खेलते हुए 43 पारियों में 27.2 की औसत से 1061 रन बनाए हैं। टेस्ट क्रिकेट में उनके नाम एक शतक और पांच अर्द्धशतक दर्ज है। इसके अलावा उन्होंने अपनी टीम के लिए वनडे में 55 मैच खेलते हुए 51 पारियों में 21.6 की औसत से 1057 रन बनाए हैं।



## अरशद की नजरें अब विश्व रिकार्ड पर लगीं

**लाहौर।** पाकिस्तान के भाल फेंक खिलाड़ी अरशद नदीम राष्ट्रमण्डल खेलों में स्वर्ण पदक जीतने के बाद से ही देश में छाये हुए हैं। अरशद ने राष्ट्रमण्डल खेलों में 90.18 मीटर लंबा थ्रो कर स्वर्ण जीता। इससे देश में जश्न का माहौल है। अरशद ने कहा कि वह इन खेलों में 95 मीटर दूर भाला फेंकना चाह रहे थे पर चोट के कारण 90 तक ही फेंक पाया। अब मेरा लक्ष्य बेहतरीन ट्रेनिंग लेकर विश्व रिकॉर्ड तोड़ना है। ऐसे में भारत के नीरज चोपड़ा के साथ उनका मुकाबला तेज हो सकता है। जेवलिन थ्रो के टॉप-20 विश्व रिकॉर्ड में नीरज और अरशद को यदि विश्व रिकॉर्ड तोड़ना है, तो उन्हें और कड़ी मेहनत करनी होगी, क्योंकि चेक रिपब्लिक के जान ज़ेलेज़नी के नाम 98.48 मीटर का विश्व रिकार्ड है।



# केएल राहुल के एशिया कप 2022 खेलने पर फिर लटकी तलवार, यह है कारण

**बर्मिंघम। (एजेंसी)।**

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने भले ही केएल राहुल को आगामी एशिया कप के लिए टीम इंडिया में शामिल कर लिया है लेकिन उनका खेलना अभी भी संदिग्ध बना हुआ है। आपरेशन करवाने के बाद से राहुल रिहैब के दौर से गुजर रहे हैं। सिलेक्टर्स उनकी प्रगति देखकर खुश है लेकिन राहुल ने अभी भी वापसी के लिए जरूरी फिटनेस टेस्ट पास नहीं किया है। आगामी दिनों में एनसीए में राहुल का टेस्ट होना है। अगर वह फेल हो गए तो उनके लिए एशिया कप खेलना संदिग्ध हो जाएगा।

### नहीं तो श्रेयस अय्यर होंगे शामिल

बीसीसीआई सूत्र का कहना है कि केएल राहुल फिलहाल पूरी तरह फिट बताए जा रहे हैं इसी कारण उनका टीम में सिलेक्शन हुआ है। लेकिन प्रोटोकॉल के चलते उन्हें बेंगलुरु में होने वाले फिटनेस टेस्ट से गुजरना होगा। समझा जाता है कि अगर केएल राहुल टेस्ट में फेल हो गए तो उनकी जगह श्रेयस अय्यर को मौका दिया जाएगा। श्रेयस को पहले से एशिया कप के लिए टीम इंडिया के साथ बतौर स्टैंडबाय रखा गया है।

### इसलिए फिटनेस पर उठ रहे सवाल

अप्रैल से शुरू होने आईपीएल के बाद से अब तक केएल राहुल ने कोई टी-20 नहीं खेला है। उन्होंने जून में ही जर्मनी से सर्जरी करवाई थी। जुलाई में उन्होंने इससे उभरकर ट्रेनिंग शुरू कर दी थी। लेकिन फिर पिछले महीने उनकी कोविड रिपोर्ट पॉजीटिव आ गई। ठीक होने के बाद राहुल फिर से ट्रेनिंग करने लगे लेकिन उनकी फिटनेस पर अभी भी सवाल खड़ा हो रहा है।

### एशिया कप 2022 के लिए टीम इंडिया टीम

रोहित शर्मा (कप्तान), केएल राहुल (वीसी), विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, दीपक हुड्डा, रिषभ पंत (विकेटकीपर), दिनेश कार्तिक (विकेटकीपर), हार्दिक पांड्या, रविंद्र जडेजा, रवि अश्विन, युजी चहल, रवि बिश्नोई, भुवनेश्वर कुमार, अर्शदीप सिंह, अवेश खान।



## मोरे ने अश्विन को शामिल करने पर उठाये सवाल

**नई दिल्ली ।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व क्रिकेटर किरण मोरे ने अनुभवी स्पिनर आर अश्विन को एशिया कप के लिए 15 सदस्यीय भारतीय टीम में शामिल किये जाने को लेकर सवाल उठाये हैं। इस दौरे के लिए भारतीय टीम में तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को जगह नहीं दी गयी है।

मोरे ने कहा कि भारत एक अतिरिक्त तेज गेंदबाज के तौर पर मोहम्मद शमी को शामिल कर सकता था। इसके अलावा चयनकर्ता अश्विन की जगह पर अक्षर पटेल को बतौर ऑलराउंडर स्पिनर के तौर पर रख सकते थे। उन्होंने कहा, मैं हैरान हूं अश्विन भी इस टीम में कैसे आ सकते हैं? और हर बार. पिछले विश्व कप में भी उन्हें टीम में चुना गया था पर अंतिम ग्यारह में जगह नहीं मिली। वैसे भी उनका टी20 रिकार्ड अच्छा नहीं है। उनकी जगह अक्षर को शामिल किया जाना चाहिये था। अक्षर ने अब तक बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है। शमी वह विश्व कप में जरुर शामिल किया जाएगा। शमी नई गेंद से बीच के ओवरों में भी विकेट ले सकते हैं।

